कलर्क अगर गलती करता है, उसका सामना करता है, गालियां देता है तो बी.डी.ओ. उसका कुछ नहीं कर सकता। इसलिए मेरी अर्ज है कि अगर आप डिस्पिलिन लाना चाहते है, इनऐफि ाऐंसी और कुरप ान को खत्म करना चाहते है, तो पावर को डिसैन्ट्रेलाइज करें। अगर तहसीलदार को अख्तियार हो, तो पटवारी को सस्पैंड कर दें। उसको डर होगा, भय होगा कि उसका इमीजिएट आफिसर वह है। आज इस तरह की बात नहीं है। जैसा मैंने पहले कहा टीचर हैडमास्टर का मुकाबला करते है। हमारे गांव में दो टीचरों ने हैडमास्टर पिटवा दिया बच्चों से। बच्चों को बरगला करके उन्होंने हैडमास्टर पर पथराव करवाया और उसको जख्मी कर दियां मुझे भी इस बात का पता लगा। मैंने डी.ई.ओ. को कहा। डी.ई.ओत्र ने इनक्वायरी करवाई और कह दिया कि हैडमास्टर का कसूर है। कितनी गलत बात है। बच्चों ने पत्थरों से भी ो तोड़े, हैडमास्टर को बच्चों से पिटवाया गया, बच्चों ने उसे चोटें मारी, लेकिन कहते हैं कि कसूर हैडमास्टर का है? मैंने पर्सनली कह करके उन दो टीचरो का तबादला करवाया। वे कुछ नहीं कर सकते, अगर हैडमास्टर के पास पावर्ज हों। तो मैं फिर कहूंगा कि अगर आपने इनऐफि ाऐंसी और कुरप ान को दूर करना है, तो पावर्ज को सैन्ट्रलाईज करो।

श्री अध्यक्ष : देखिए, बात यह है कि आनरेबलमैंबर जब बोलते है तो आ ाा यह करते हैं कि बीच में उनको बन्द न किया

जाए। इसका तो फिर कायदा यही होगा, जैसे हाउस में पहल क्वै चन उठ चुका है कि मैं हाउस की सैन्स ले लूं और टाईम लिमिट स्पीचिज पर लगा दूं, प्रत्येक स्पीच की इतनी लिमिट होगी ताकि प्रत्येक मैंबर उतने ही टाईम में बोले, बीच में कोई रूकावट न कर और जब टाईम खत्म हो जाए तो खुद ही बैठ जाए।

चौधरी चांद राम : स्पीकर साहब, वैसे तो आप जैसा मर्जी करे। चाहे आप मैंबर के हिसाब से कर लें, या चाहे कुछ और कर लें, लेकिन मेरा सुझाव यह है कि अगर पार्टी के हिसाब से कर दें, तो ज्यादा अच्छा है। अगर एक पार्टी के और मैंबर नहीं बोलते तो भले ही एक मैंबर बोल ले।

श्री अध्यक्ष : क्या ठीक है यह बात?

(इस पर कोई नहीं बोला)

चौधरी मनफूल सिंह : स्पीकर साहब, अब मैं देहात की सर्विसिज की बाबात कुछ अर्ज करूंगा। स्पीकर साहब, जिन हालात में देहात के अन्दर बच्चे ि ाक्षा प्राप्त करते हैं, जिस किस्म के टीचर वहां पहुंचते है, उसके हिसाब से मैं तो यह कहूंगा कि वहां एजुके ान का स्टैंडर्ड सही नहीं है, बैटर एजुके ान उनको नहीं मिलती है। वहां एटमासफीयर इतना अच्छा नहीं है, जितना होना चाहिए। सरकार इस पर कृपया गौर करे। यह बात नहीं होनी चाहिए कि जिस टीचर के खिलाफ ि ाकायत हो, उसे झज्जर, नाहड, साल्हावास, नारनौल या महेन्द्रगढ़ भेज दिया जाए।

इसी तरह दूसरी सर्विसिज की बात है। अगर कोई पटवारी ठीक नहीं हैं, तो उसे नारनौल, महेन्द्रगढ़, झज्जर, नाहड़ या साल्हावास भेज दें, यह बात ठीक नहीं है। तो मेरी सरकार सक दरख्वास्त है कि देहात के अन्दर हमारे यहां बच्चो को एजुके ान के मामले में कम सुविधा मिलती है। चाहिए तो यह कि कंपिटिटिव एग्जामिने ान के लिए उनके कलए कोई कंसै ान हो, रूरल एरिया के लिए कोई रिजर्वे ान हो। उम्मीद है सरकार इस और भी ध्यान देगी। इन भाब्दों के साथ आपका स्पीकर साहब ज्यादा समय ने लेते हुए मैं अपना स्थान लेता हूं।

चौधरी सरजीत सिंह मान (ोरहदा) : आदरणीय स्पीकर साहब, मैं सबसे पहले डिमांड नम्बर 2 जो इरीगे ान एंड पावर की है, उसके ऊपर बोल रहा हूं। मेरे ख्याल के मुताबिक तो हमारी गवर्नमैंट ने इस बारे में जितना काम किया है, उतना भाायद ही किसी और गवर्नमैंट ने किया होगा। जहां तक नहरो का ताल्लुक है, बहुंत नहरे नई बनी है। बहुत अच्छा काम इस दि ाा में हुआ है, लेकिन इरीगे ान एंड पावर मिनिस्टर साहब को आपके द्वारा मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि हमारे हरियाणा में इस वक्त तीन भाूगर मिल्ज है, और उनके अपने जैनेरेटिंग सैट्स है जो पन्द्रह हजार यूनिट बिजली पैदा कर सकते है। वे भाूगर बनाने के लिए केवल पांच महीने चलते हैं और उसके बाद बंद हो जाते है। गवर्नमैंट यदि चाहे तो उन तीनों प्लांट्स को पांच महीने के बाद भी चलाया जा सकता है, ताकि वे अपनी स्टेट के

लिए इलैक्ट्रिसिटी पैदा कर सकें। और कुछ नहीं, तो नजदीक के भाहरों और देहात में कहीं न कहीं काम आ जाएगी। फिर स्पीकर साहब, मेरा सुझाव यह भी है कि बड़े–बड़े थर्मल प्लांट्स लगाने की बजाय यदि हम डिस्ट्रिक्ट हैडकवार्टरज पर छोटे–छोटे थर्मल प्लांट्स लगाएं, तो ज्यादा अच्छा होगा। बड़े प्लांटस तो पता नहीं कितने साल मैं लगेंगे छोटे प्लांट्स 6–6 महीने या साल–साल के अन्दर लग जाएंगे। मैं तो स्पीकर साहब, यह भी कहूंगा कि मैरेजिज और फंक ान्ज में जो बिजली लगती है, उस पर पाबंदी लगा दी जाए, ताकि वह दूसरे जरूरी कामों के लिए प्रयोग हो सके।

स्पीकर साहब, जहां तक लाईन लौसिज का ताल्लुक है, यह ठीक है कि वे हमारी स्टेट में सबसे कम हैं, लेकिन फिर भी जहां तक हो सके, उनको और भी कम किया जाए।

रावी ब्यास के पानी के मुताल्लिक स्पीकर साहब, गुप्ता साहब ने कहा है कि 23 तारीख की मीटिंग में फैसला हो जायेगा। यह बात ठीक है लेकिन इस सम्बंध में मेरी गुजारि ा यह है कि जितनी जल्दी से जल्दी यह फैसला हो जाए, उतना ही अच्छा है ताकि हमें यह पता लग जाए कि कितना पानी मिलेगा या नहीं मिलेगा।

स्पीकर साहब, प्राईस राइज के बारे में तो गवर्नमैंट से यह कहूंगा कि ज्यादा नहीं तो कम से कम कन्जयूमर गुड्ज के

प्राईस राइज को तो ये किसी न किसी तरह कंट्रोल करें, ताकि आम आदमी को कुछ राहत मिल जाए। आज किसी भी चीज को ले लें, सीभी चीजों की कीमत बहुत ज्यादा बढ़ गई है और बढ़ रही है। सजै ान तो इस बारे में मेरे पास कोई है नहीं लेकिन मैं गवर्नमैंट से यही रिक्वैस्ट करूंगा कि जिस तरह से भी हो सकें, वह कम से कम कन्जयूमर गुड्ज की प्राईस को जरूर कन्ट्रोल करे।

इसके बाद स्पीकर साहब इंडस्ट्रीज की डिमांड आती है। इस बारे में मैं यह कहूंगा कि मिनी स्टील और सीमेंट प्लांट्स लगने चाहिए। हमारे यहां तो महेन्द्रगढ़ में सीमेंट का पत्थर काफी है। अगर सरकार छोटे–छोटे प्लांट्स लगाने की कोि ा ा करे तो ये भी भाायद कामयाब होंगे और लोगों को भी काफी ज्यादा फायदा पहुंचेगा।

ऐग्रीकल्चर की डिमांड का जहां तक संबंध है, इस बारे मैं स्पीकर साहब, मेरी प्रार्थना यह है कि जहां तक हो सके, हमारी गवर्नमैंट को सैन्ट्रल गवर्नमैंट को प्रैस करना चाहिए कि जो भी प्राईस वह फिक्स करे, वह जरा टाईम से फिक्स करे ताकि जमींदार को टाईम पर पता लग जाए कि उन्हें किस चीज की क्या प्राईस मिलेगी, और वो उस चीज को बो सकें। सैन्ट्रल गवर्नमैंट को इस बार हमें प्रैस करना चाहिए और पहले प्राईस फिक्स करानी चाहिए। जमींदारों को यह पता होना चाहिए, कि इस चीज की यह प्राईस मिलेगी ताकि वे उसी चीज को कल्टीवेट करें।

स्पीकर साहब, एनीमल हस्बैंडरी के विशय मैं डिमांड है। इस बारे में सिर्फ यही कहूंगा, कि दूध की कीमत जरूर बढ़ाई जानी चाहिए। आजकल दूध की कीमत बहुत कम है। अगद दूध की कीमत नहीं बढ़ेगी तो कौन गाय और भैंस रखेगा। जो आजकल दूध का भाव है, उससे तो चारे का भी खर्चा पूरा नहीं होता है।

फैमिली प्लानिंग के विशय में चौधरी मनफूल सिंह जी ने जो बात कही है, उससे मैं ऐग्री करता हूं। जब तक हम यहां हाउस मैं लेजिस्ले ान नहीं लाएंगे और सैन्टर से पास नहीं कराएंगे तब तक फैमिली प्लानिंग रूकने वाली नहीं है। यह जो भी हमें पैसा मिलता है, यह सारा ही बेकार में जाता है। मैं तो समझता हूं कि 60 साल से कम आदमी का आपरे ान नहीं होता है। इसलिए लैजिस्ले ान लाना बहुत ही जरूर है।

चौधरी चांद राम : स्पीकर साहब, मुझे बता दें, टाईम मिलेगा या नहीं।

श्री अध्यक्ष : आपको टाईम मिलेगा। अभी आपकी भी टर्न आ जाएगी।

चौधरी पीर चन्द : अध्यक्ष महोदय हमें बता दें।

श्री अध्यक्ष : जो आजाद मैंबर है, कभी नहीं बोलते हैं, उनको भी तो टाईम मिलना चाहिए। जो न गवर्नर एड्रैस पर बोलें

हैं, न बजट पर बोले है, न डिमांड पर ही टाईम मिला है इनको भी तो टाईम देना है।

चौधरी पीर चन्द : स्पीकर साहब हमारा भी ख्याल रखें।

श्री अध्यक्ष : जिसकी जितनी स्ट्रैन्थ है, उसके हिसाब से टाईम मिलेगा। जितने आपके मैम्बर हैं, उतना ही टाईम मिलेगा।

चौधरी पीर चन्द : स्पीकर साहब, हमारी पार्टी के तो 14 मैम्बर थे, लेकिन अब दो ही रह गए हैं–(हंसी)

श्री अध्यक्ष : इसको मैं घटा–बढ़ा नहीं सकता।

डाक्टर ओम प्रका ा भार्मा (जगाधरी) : माननीय अध्यक्ष महोदय, पिछले दो रोज से डिमांडज पर चर्चा चल रही है। पे तर इसके कि मैं डिमांडज नम्बर पांच और दस पर जो कि एक्साइज एंड टैक ोसन और हैल्थ के बारे में है, मैं अपने विचार रखूं, मैं जमहूरियत में अपोजि ान का हाउस मे क्या रोल होना चाहिए, इस बारे में एक मिनट के लिए अपने विचार रखना चाहता हूं। आ ाा है कि अध्यक्ष महोदय आप मुझे इंजाजत देंगे। स्पीकर साहब, आज हमारा दे ाा जम्हूरी दौर से गुर रहा है जैसा कि जम्हूरियत का तकाजा है, जम्हूरियत दो ग्रुपों में बंटी हुई है एक बरसरे–इक्तदार है दूसरा अपोजी ान ग्रुप। जहां तक दोनों ग्रुपों का ताल्लुक है, दोनों में इख्तलाफ रहता है, सोचने का ढ़ंग

जुदा–जुदा होता है, मगर इसका मतलब यह नहीं कि जहां अपोजी ान और बरसरे–इक्तदार ग्रुप एक दूसरे से मुतफिक नहीं है, तो बाहमी सहयोग भी इस नजरिए से न हो। दोनों ग्रुपों का सहयोग होला भी उतना ही जरूरी है जितना की इस दे ा के अन्दर जम्हूरियत की उपयोगिता को होना है। बरसरे इक्तदार ग्रुप अगर मनमानी करने लगे, अपोजी ान को नजर–अन्दाज करता चला जाए, तो ऐसी सूरत में डिक्टेटरि ाप जन्म लेती है। अगर किसी वजह से अपोजी ान धड़ा, अपोजी ान ग्रुप सरकार की मुखालफत करनी भुरू कर दे, तो ऐसी सूरत में प्रान्त के विकास की रफ्तार, डिवैल्पमैंट की रफ्तार बड़ी हद तक ढ़ीली हो जाती है। इससे प्रांन्त का भला नहीं होता और न ही इस तरह से अपोजी ान का भला होता है। अपोजी ान भी सरकार को पूरा सहयोग दे। इसका मतलब यह नहीं कि अपोजी ान अपने उस हक से दसतबरदार हो जाए, जो उसका अपना पैदाय ी हक है, जो जम्हूरियत की देन है। अपोजी ान का यह हक है। किसी की यह ताकत नहीं की उसको हटा दे। सरकार की यह ताकत नहीं की उसे छीन ले, मगर उसके लिए अपोजी ान का भी कुछ तरीका होना चाहिए। कुछ ऐसे सेहतमनदाना ढ़ग से अपोजी ान का प्रोग्राम होना चाहिए कि वह सरकार को कि्टिसाइज करे, सेहतमनदाना ढ़ंग से करे। अगर अपोजी ान सेहतमनदाना ढ़ंग से करती है, तो अपोजी ान को मजीद मजबूती मिलती है अपोजी ान मजबूत होती है, साथ ही विकास के कामों का बढ़ावा मिलता है, प्रान्त की ज्यादा से ज्यादा डिवैल्पमैंट होती

है। उसके साथ अपोजी ान यह न समझ लै, कि जहां विकास को बढ़ावा देने से सरकार मजबूत होगी, विकास होते हुए भी बहुत सी ऐसी बातें है, जो सरकार को ले बैठती हैं। सरकार के अन्दर जो एलीमैंट होते हैं, उन पर काफी डिपैन्ड करता है। मैं अपोजी ान बैंचिज पर बैठा हूं, अपोजी ान का मैंबर होने के नाते हमें सरकार को कि्टिसाईज करने का पूरा हक है और यह हक हमारा हमें जम्हूरियत ने दिया है। हमें कोई खैरात नहीं मिली है, लेकिन हमें यह सोचना है कि जब हमें सरकार को कि्टिसाइज करे, तो हमारा कि्टिसिजम सेहतमनदाना हो, हैल्दी कि्टिसिजम हो मुखालफत बराय मुखालफत न हो। सरकार का कि्टिसिजम इसलिए न हो कि सरकार को गिराना है, बल्कि इसलिए हो कि हमें जम्हूरियत में अपना रोल अदा करना है और वह रोल सेहतमन्दाना अच्छा रोल अदा करके भी सरकार को हम गिरा सकते है। अगर घटिया तरीके अपनाएंगे, करैक्टर असैसिने ान के लिए झूठे अल्जामात लगाएंगे, सरकार को बदनाम करेंगे, तो मैं समझता हूं इस से सरकार कमजोर नहीं होगी, बल्कि सरकार को ताकत मिलेगी। बदकिस्मति हमारी यह है कि विपक्षी दल के अन्दर यकजैहती यूनिटी नहीं है। आज अपोजी ान दस जगह पर बंटी हुई है। अपोजी ान है जरूर मगर अपोजी ान बराय नाम है। हम यह देख नहीं पाते कि हाउस के अन्दर कोई अपोजी ान है या सही अपोजी ान का रोल अदा कर रही है। (इस समय सभपतियों की सूची में से एक सदस्य चौधरी ई वर सिंह पदासीन हुए) माननीय चेयरमैन साहब, मैं आपके द्वारा ट्रेजरी बैंचिज पर

बैठे हुए अपने भाइयों से रिक्वैस्ट करूंगा कि अपोजी ान के जजबात का ख्याल रखें और जम्हूरियत जो कि पार्लियामैंटरी सिस्टम देती है, उसके साथ ही हमें फ्रीडम आफ थाट भी देती है। फ्रीडम आफ थाट से मतलब है कि अपोजी ान को बोलने और तहरीर व तकरीर करने की पूरी आजादी है जितनी की ट्रेजरी बैंचिज को है। चेयरमैन साहब, मेरी आपके द्वारा लीडर आफ दी हाउस से और ट्रेजरी बैंचिज से और अपने अपोजी ान के भाइयों से दरख्वास्त है कि वे सेहतमनदाना ढ़ंग से क्रिटिसिजम करें।

चेयरमैन साहब, आज से 8 साल पहले हरियाणा प्रान्त वजूद में आया। उस वक्त का हरियाणा हजारों सालों का पिछड़ा हुआ हरियाणा था। हजारों सालों का पसमान्दा सूबा था। आज से 8 साल पहले जो सरकार एस.वी.डी. की बनी, जिसका मैं भी मैंबर था, और सदन में कुछ और भाई भी विराजमान हैं, जो एस. वी.डी. के मैंबर थे, मगर वह एस.वी.डी. की सरकार अपनी नाअहलियत और भ्रश्टाचार की वजह से पहले ही साल दम तोड़ गई। उसके बाद सन्1968 में दूसरी सरकार बनी, जिसकी रहनुमाई चौधरी बंसी लाल के हाथों में आई। जिस वक्त चौधरी बंसी लााल चीफ मिनिस्टर हरियाणा ने इस प्रान्त की सरकार को अपने हाथों में लिया उस वक्त यह सूबा इतना पिछड़ा हुआ था कि हर मैदान में पिछड़ा हुआ था। जहां तक मैं समझता हूं कोई भी मैदान ऐसा नहीं था, जिस मैदान में हम यह कह सके कि हम आगे थे या यूनाइटिड पंजाब के जमाने में हमारे इस रीजन को,

जिसको आज इंडीपैंडैंट हरियाणा स्टेट कहा जाता है, किसी भी प्रकार की डिवैल्पमैंट का मौका मिला हो। इसके बाद जैसे चौधरी बंसी लाल जी ने मुख्य मंत्री बनकर इस जिम्मेदारी को अपने हाथ में लिया, अपने कंधौं पर लिया, वैसे हरियाणा के विकास की रफ्तार बढ़ने लगी, और बड़ी तेजी से बढ़ने लगी। जिसके नतीजे में हजारों साल की पसमान्दगी को बेहो ा करता हुआ यह सूबा बड़ी तेजी से विकास के मैदान में आगे बढ़ा। तमाम हरियाणा इलैक्ट्रिफाई हुआ, सड़कों का जाल फैला, जरई और सनअती मैदान में हरियाणा ने बड़ी भारी तरक्की की। इसके साथ साथ नए अस्पताल खुले, नए स्कूल खुले, कालेज खुले, बन्ध बनें, ट्यूबवैल लगे और कुएं खुदे। गर्जे कि एक ऐसा सैलाब आया कि हम उसे तामीरी सैलाब से मसावत दे सकते है, आज हरियाणा हिन्दुस्तान के नक ो पर अपने लिए एक अहम मुकाम बन चुका है और मैं समझता हूं कि यह सब कुछ इतना विकास, इतनी तरक्की या इतनी खु ाहाली जो इस सूबे में आई, उसका केडिट अगर किसी को जाता है, तो यह आनरेबल चीफ मिनिस्टर चौधरी बंसी लाल को जाता है। उनको को ही यह वाहिद केडिट जाता है। चेयरमैन साहब, हमारे दे ा में सताजी हालत किस हद तक खराब हो चकी है इस बात का अन्दाजा आप इस बात से लगा सकते हैं कि आज हमारे दे ा के अन्दर खाने–पीने की चीजों के अन्दर मिलावट करने का एक भारी सैलाब आ चुका है। आज खाने–पीने की कोई भी चीज खालिस रूप के अन्दर हमारे हाथों तक नहीं पहुच सकती। हम यह कह सकते है कि हमारी इस स्टेट के

अन्दर या हमारे दे ा के अन्दर मैडीकल साईंस ने बहुत तरक्की की है, लेकिन जहां इतनी भारी तरक्की हुई, है, वहां उस तरक्की के साथ–साथ यह भी हुआ है कि आज अगर मैडिकल साईंस को हमारे अस्पतालों के अन्दर कुछेक दवाइयों की जरूरत है, तो वे भी लोगों को असली दस्तयाब नहीं होती। आप ही देखिए यह कितनी भारी बुराई है। मैं यह चाहूंगा कि इस बुरी आदत का खात्मा करने के लिए सरकार तेजी से हरकत मैं आए और इसके लिए कुछ ऐसे कानून बनाए जिससे यह रूक सके। जहां तक मैं समझता हूं, मैं इस बारे में एक सुझाव दे सकता हूं। जब तक सरकार इसके लिए कोई वाजह कानून नहीं बनाएगी, या मौजूदा कानून के अन्दर कोई इस प्रकार की कोई अमैंडमैंट नहीं करेगी कि जिससे यह जुर्म बड़ा संगीन और नाकाबले जमानत हो जाए, तब तक यह बुरी आदत खत्म नहीं होगी। आज हालत यह है कि अगर कोई खालिस चीज मिल सकती है, तो वे दो चीजें ही है, एक हवा और एक धूप। इन पर मिलावट करने वालों को कोई कंट्रोल नहीं है, नहीं तो हो सकता है ये दोनों चीजे भी खालीस न मिलतीं। मैं आपके द्वारा सरकार से यह रिक्वैस्ट करूंगाा कि सरकार मिलावट और नकली अदबीयत के बारे में एक ऐसा जामा कानून बनाए कि यह तुर्म काबले मदाखलत पुलिस और नाकाबले जमानत हो और इस पर संगीन सजा दी जा सके। चेयरमैन साहब, दूसरी बात जो मैं कहूंगा वह टैक्स इवेजन की बात। टैक्स की चोरी हमारी रोजमर्रा की जिन्दगी का मामूल बन गई है और मैं समझता हूं कि इस हमाम में हम सब नंगे हैं। कारोबारी लोग

अक्सर अपनी आमदनी कम दिखाकर बहुत कम टैक्स देते हैं या कुछ हालात में तो ये लोग बिल्कुल ही टैक्स नहीं देते। चेयरमैन साहब, मुलाजम पे ाा लोग अपनी आमदनी को जो कि एक जाहिर आमदनी है, उसको तो नहीं छुपा पाते, उस पर तो वह टैक्स दे देते हैं, लेकिन मैं समझता हूं कि मुलाजमा पे ाा लोगों को जो ऊपर की आमदनी होती है, उस पर वे लोग भी टैक्स नहीं देते। इस पैसे को कोई भी मुलाजम नहीं बताता चाहे वह कोई डाक्टर हो, या चाहे वह कोई वकील हो। यह चीज इतनी फैली हुई है कि हम सभी इस बीमारी का ि ाकार हैं। इसी वजह से आज यह हालत है कि दे ा के अन्दर जितनी भी डिवैल्पमैंट है, जितना भी विकास है, वह सब एक ऐसी स्टेज पर आ गया है कि सरकार जाम हो कर रह गई है। अब मैं अपनी स्टेट को लेता हूं। हमारे बजट के अन्दर 17 करोड़ के लगभग का घाटा है। 16 करोड़ 99 लाख रूपये का घाटा है। मैं नहीं समझता कि यह 16 करोड़ 99 लाख रूपए का घाटा कैसे पूरा होगा? सरकार के पास इसका एक ही तरीका है कि सरकार और नए टैक्स लगाए। पहले ही टैक्सों ने हमारी कमर इतनी तोड़ दी है कि हम मजीद और टैक्सों का बोझ उठाने के काबिल नहीं है। अगर और वाजिद टैक्स लगे, तो मैं समझता हूं कि हमारी माली हालत इसकी इजाजत नहीं देती कि हम और बोझा डालें। अगर सरकार इस इवेजल को कन्ट्रोल करे, टैक्सों की चोरी को रोके तो मैं समझता हूं कि यह जो 17 करोड़ का घाटा या खसारा है, यह 34 करोड़ के मुनाफे मे तबदील हो सकता है, ब ार्ते कि सरकार इसके लिए हंगामी

इकदामात कर और इवेजल को रोकने के तरीकों को पूर्ण रूप से अपनाए। चेयरमैन साहब, इस बारे में मेरा एक छोटा सा गुर है जिसे मैं सुझाव के तौर पर सरकार के सामने रखना चाहता हूं। कोई लम्बी चौड़ी बात नहीं है। इवेजन कहां होती है? जो मुलाजम पे ाा होता है, उनकी आमदनी के बारे में तो मैं नहीं कहता कि हम किस तरीके से उसको चैक कर सकते है, मगर बिजनैस कम्युलिटी की तरफ से चूंकि बहुत भारी टैक्य इवेजन होता है इसके लिए मेरा सुझाव है कि म्युनिसिपल लिमिट्स के अन्दर जितना रा–मैटीरियल आता है, सरकार म्युनिसिपल कमेटी की औक्ट्राय पोस्टस और हैड–आक्ट्राय आफिसर पर अपनी पूरी नजर रखें और वहां से यह फिगर्ज कुलैक्ट करें कि जितना रा–मैटीरियल म्युनिसिपल हदूद के अन्दर दाखिल हुआ और जितना माल तैयार होकर म्युनिसिपल हद से या कारखानों से बाहर जाता है, उस पर भी सरकार पूरी नजर रखे। सरकार ट्रांसपोर्ट और रेलवेज पर पूरी नजर रखे और यह देखे कि कितना माल ट्रांसपोर्ट से या रेलवेज से बाहर जाता है। इसके लिए मेरा एक सुझाव है और मेरा वह सुझाव यह है कि सरकार को ऐक्साईज एंड टैक्से ान डिपार्टमैंट माल को बाहर ले जाने के लिए तब तक क्लीयरैंस सर्टिफिकेट न दे, जब तक कि वह टैक्स पेड सर्टीफिकैट नहीं दे देता। जब तक वह टैक्स पैड सर्टिफिकेट नहीं देता, तब तक कोई भी ट्रांसपोर्ट या रेलवेज उस माल को लोड ने करें। जिसके पास टैक्स पैड सर्टिफिकेट नहीं हो, उसका माल किसी भी ट्रांसपोर्ट या मालगाड़ी में लोड न करे। अगर

सरकार इन दो बातों पर सख्ती बरते और सरकार पूरे तरीके से इवेजन को काबू में करने लगे, तो इससे बहुत जल्दी हमारी हरियाणा स्टेट के अन्दर जो इवेजन की वजह से खसारा है, वह खत्म हो जाएगा और अगले साल का जब बजट आएगा तो वह बजट इताफे का बजट होगा। चेयरमैन साहब, आपकी तरफ से मुझे इ ाारा हो गया है, इसलिए इल लफ्जों के साथ मैं खत्म करता हूं।

चौधरी चांद राम (बवैन––अनुसूचित जाति) : चेयरमैन साहब, आप मुझे यह बता दें कि कितना समय मुझे दिया गया है? मैं तीन मैंबरों की तरफ से बोल रहा हूं।

चेयरमैन : आपको बीस मिनट दिए गए हैं।

चौधरी चांद राम : तीन मैंबरों की तरफ से बोल रहा हूं और सिर्फ बीस मिनट?

चेयरमैंन : आप बोलना तो भ्रुरू करें।

चौधरी चांद राम : चेयरमैन साहब, जब बजट स्पीच को देखतें हैं, बजट को देखते हैं, और पिछले साल की तरफ नजर डालते है तो हमारे सामने एक यह धोखा मात्र सा है। धोखा मात्र इसलिए कहता हूं कि हमारे वित मंत्री जी ने भ्रुरू में कहा कि मैं भ्रुरू में कहता हूं कि कोई टैक्स नहीं लगाऊंगा और इसलिए मैम्बरान साहिबान को आराम से बैठ जाना चाहिए, ठंडे वातावरण में बैठ जाना चाहिए और आखिर में इन भाब्दों में कहा

कि 16.99 करोड़ का घाटा बगैर टैक्स लगाए अनकवर्ड रखा गया है। कोई सुझाव उन्होंने नहीं दिया कि इस को किस तरह से पूरा करेंगे। एक बात उन्होंने सुझाई कि हमें रिलीफ को पैसा भारत सरकार से मिलेगा और हमारा केस बड़ा पक्का है। हमारे यहां एक टीम आई हुई है, उसकी हमदर्दी हमारे साथ है। वह पैसा मिल जाएगा तो हमारा घाटा पूरा हो जाएगा। पिछले साल भी 16 करोड़ का घाटा दिखाया गया था लेकिन बाद में टैक्स पर टैक्स लगाए गए जिनका इसमें भी थोड़ा सा वर्णन है और आप देखें कि अब भी कहते हैं कि कोई टैक्स नहीं लगाएंगे। भाायद इस वजह से टैक्स ने लगाए हों कि तीन बाइ–इलैक ान होने वाले है और हो सकता है कि पार्लियामैंट के भी सनैप पोल हो जाए। इन्होंने बड़ी खूबसूरती से कहा कि कोई टैक्स नहीं लगाएंगे लेकिन बीच में एक डोज दे दी। आपने पिछले साल यात्री किराया 2.90 करोड़ का बढ़ाया। आपने यह किराया 1.45 करोड़ बढ़ाया। आपने मार्किट फीस 2.90 करोड़ की बढ़ाई और जो आपने स्टामप ड्यूटी बढ़ाई वह अलग है, आपने जो व्हीकल टैक्स बढ़ाया वह अलग है और जो आपने बिजल का रेट बढ़ाया वह अलग है। यानी आपने तीनों करो से 8.95 करोड़ रूपया टैक्स बढ़ाया और यह अमीरों पर नहीं लगा यह गरीबों पर लगा। बजट की एक बुनियादी चीज होती है कि उसमें दो–तीन चीजें जरूर देखनी चाहिए। एक तो यह है कि बजट जो है, वह आमदनी और खर्च बताए। आमदनी और खर्च में बैलेन्स रखना चाहिए। अब तक सरकार घाटे का बजट पे ाा करती रही है।

यह तो हो सकता है कि कभी किसी साल में घाटे का बजट आ जाए। बजट तैयार करने वालों की यह कोई खूबी नहीं है कि पहले तो उनको ठीक याद न हो और आखिर में उन आइटम्ज पर टैक्स लगा दे। दूसरी बात बजट की यह होती है कि उन लोगों पर टैक्स लगता है जो उनको बर्दा ात कर सकें। अमीरों पर टैक्स लगना चाहिए। सो ालिज्म फैलाने का या नाबराबरी दूर करने का बजट का तरीका है और अमीरों से लेकर गरीबों के उत्थान के लिए जो कदम उठाने हों, उन पर खर्च किया जाता है। अगर हम देखें तो पांच–छह साल के अन्दर गरीब गरीब होता गया और अमीर अमीर हो रहा है। आप यह कहते हैं कि पर–कैपिटा इन्कम हरियाणा के अन्दर बढ़ी है। अगर हम 1950–60 के आंकड़ों को देखें तो रियल इन्कम बढ़ी नहीं हैं, बल्कि रियल इन्कम घटी है। लेकिन आप घमण्ड करते हैं कि हरियाणा की पर–कैपिटा इन्कम बढ़ी है। मैं यह कहना चाहता हूं कि इस छह साल में चौधरी बंसी लाल का राज्य रहा है। तीन चार महीने पंडित भगवत दयाल का रहा है और कुछ टाईम के लिए राव बिरेन्द्र सिंह का रहा। सब से ज्यादा समय के लिए चौधरी बंसी लाल का रहा है और इस पीरियड को देखें कि कितनी आमदनी बढ़ी है। मैं आपके सामने फिगर्ज रखना चाहता हूं कि 1967–68 में हमारी आमदनी 6,181 लाख थी। आज हमारी जो आमदनी है, वह 196 करोड़ 51 लाख है। आप अन्दाजा लगाइए कि हमारी इतनी आमदनी बढ़ी है और खर्चा भी उसी हिसाब से बढ़ा है। 1967–68 में खर्चा 5,532 लाख था और आज 181 करोड़ 30

लाख है। अब आप आमदनी और खर्च का हिसाब देखें कि आमदनी भाुरू में थी 61 करोड़ और वह बढ़ कर आपके पास 196 करोड़ हो गई। अब सवाल यह है कि टैक्स लगााने से आमदनी बढ़ी या लोगो की टैक्स पे करने की सामर्थ्य बढ़ी, लेकिन अगर हम बजट एट ए ग्लांस देखें तो इसमें कई आईटम है, जैसे इन्कम टैक्स जो भरत सरका का है, उससे हमें 1967—68 में आमदनी होती थी, वह थी 285 लाख और आज वह आमदनी 943 लाख है। प्रोफै ान टैक्स से 1976—68 में आमदनी थी, वह 16—17 लाख थी और आज वह पचास लाख है यानी तीन गुनी। एस्टेट डयूटी 1967—68 में आठ लाख थी और आज 17 लाख है। लैण्ड रेवैन्यू 1967—68 में 143 लाख था और आज 425 लाख है और पिछले साल 510 लाख था यानि तीन गुणा के करीब। इम्मूवेबल प्रापर्टी टैक्स से 1967—68 में आमदनी थी 32 लाख और आज वह है 70 लाख यानी दुगनी और पिछले साल यह आमदनी थी एक करोड़। स्टैम्प एंड रजिस्ट्रे ान फी से आमदनी 1967—68 में थी 359 लाख और आज 796 लाख है जो दुगनी हो गई। स्टेट एक्साइज ड्यूटी से आमदनी 626 लाख थी और आज वह दो हजार लाख हो गई यानी तीन गुणा से ज्यादा हो गई। हमारा स्टेट भोयर आफ यूनियन एक्साईज डयूटिज में था 426 लाख और आज हमारा भोयर है 1255 लाख। सेल्ज टैक्स से 1967—68 में हमें आमदनी थी 954 लाख और आज वह 3760 लाख हो गई है यानि यार गुणा आमदनी हो गई। मोटर गाड़ियों पर1967—68 में टैक्स था 58 लाख और 1968—69 में वह 80 लाख था और आज

610 लाख है यानी दस गुणा के करीब हो गया। इलैक्ट्रिसिटी डयूटी से जो आमदनी थी, वह 1968–69 मैं 125 लाख थी और आज वह 397 लाख है। आप अन्दाजा लगाएं कि हमारी स्टेट की आमदनी कितनी बढ़ी है। वह तो बढ़नी ही थी, लेकिन आपने ज्यादा टैक्स लगा कर आपने लोगों पर बोझ डाला। आपकी खूबी इस बात की थी कि जो आपने टैक्स इकट्ठा किया उसके लिए आपकी स्टेट का इन्फ्रास्ट्रक्चर, स्टेट की बुनियाद, स्टेट की क्षमता कितनी बढ़ी है उस समय के लिए जब कि कोर्अ आपातकालीन स्थिति आ जाए, कोई कहत पड़ जाए, बाढ़ आ जाए। इस टैस्ट में आप बिल्कुल फेल हो गए।

(इस समय उपाध्यक्षा पदासीन हुई) कहा जाता है कि हमारा सूबा कृशि प्रधान है। हमारी ऐग्रीकल्चर के अन्दर 1968–69 में 27.64 टन पैदावार थी और 1969–70 में यह पैदावार 46.26 लाख टन हो गई। यानी एकदम 18.19 लाख टन ज्यादा हो गई। इसका क्रेडिट यह सरकार नहीं ले सकती क्योंकि आज अगर कोई भी बात होती है तो उस का असर एक दो साल बाद होगा। जो सबसे पहले सरकार थी, उसने कई कार्य किए होंगे। आपकी सरकार 1968–69 के बाद आई और उसके बाद प्रोडक्शन घटती गई और आज आप ने कहा कि हम इतनी तरक्की कर गए। पिछले साल 38.32 लाख टन यानी साढ़े सात लाख टन सालाना के हिसाब से खेतीबाड़ी की प्रोडक्शन में कमी हुई। तो सारे सूबे को यह आपकी देन है। एक तरफ तो आपकी पैदावार घटे

और दूसरी तरफ आप कहें कि हमने इतनी प्रगति कर ली। यह बात बनती नहीं है। फिर आप कहते हैं कि उस वक्त 29 हजार ट्यूबवैल थे अब हमने 1 लाख 33 हजार कर दिए, हमने नहरों में पानी छोड़ दिया, हमने नहरें पक्की करवा दीं। अभी फूल बरसाए जा रहे थे कि चौधरी बंसी लाल ने यह यह तरक्की के काम किए। इन्होंने जो तरक्की की है, वह यह है कि इन्होंने झीलें बनवाई, होटल और मोटल बनवाए, मौज मेलें की चीजें बनाई जैसे रैस्ट हाउस और डाक बंगले है। यह सरकार आज टट्यिों के अन्दर पंखें लगवा रही है, क्योंकि इन वजीरों की रफा हाजत तब तक नहीं हो सकती जब तक टट्यिों में पंखें न हो। अंग्रेज इस मुल्क में आया था वह भी गर्म हवा में काम करता था, लेकिन ये बागड़ के लोग जिनको खजूर के पंखे नसीब नहीं होते थे, आज वे कहते है कि टट्यिों के अन्दर पंखें लगने चाहिए। ये कहते हैं हमने बहुत तरक्की की। आज आप बिजली के बारे जमींदार से पूछ कर देखिए कि क्या हालत है। कितने घंटे बिजली मिलती है। बिजली के बारे में यह बताया जाए कि इतने रोड़ टैक्स लगाकर, इतनी आमदनी लेकर आपने कितनी बिजली पैदा की? जब पंडित भगवत दयाल की मिनिस्टरी थी, तो उस वक्त कहा गया था कि पानीपत और फरीदाबाद में थर्मल प्लांट लगाऐ जाएंगे। यह बात सन् 1966–67 की है। तो मैं वित मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि क्या आप सात साल सोए रहे? अब आप कहते है कि फरीदाबाद का ताप बिजली घर मुक्कमल होने वाला है और पानीपत के प्लांट का काम चल रहा है। मैं सरकार से पूछना चाहता हूं कि पिछले

सात सालों में कितनी कीमतें बढ़ गई है? आप यह कहते है कि हमने इतना पैसा बिजली पर खर्च किया। ठीक है, वह आपने सामान खरीदने और बिजली के फैलाव पर किया हैं, लेकिन बिजली पैदा करने के लिए क्या किया गया? आज हालत यह है कि जब कभी प्राकृति का कोप हो जाता है तो आप जमींदार की मदद नहीं कर सकते। आज फरीदाबाद, पानीपत, करनाल, सोनीपत और जितनी भी जगहों पर कारखाने लगे हुए हैं, वहां पर हाहाकार मचा हुआ है, वहां पर वर्करों की रिट्रंचमैंट हो रही है इसका कारण यह है कि आपके पास बिजली नहीं है और बिजली न होने के कारण आप कारखानों को बिजली नहीं दे पाते और बिजली के अभाव के कारण कारखाने बंद पड़े है। आप हर जगह जाकर भााबासी मांगते हैं कि हमने बड़ा भारी तरक्की का काम किया है, मैं आपको कहना चाहता हूं कि इसका आपके पास कोई जवाब नहीं है। उसके बाद नहरों की बात आई। एक के बाद एक स्कीम में तबदीली होती जा रही, हर गांव में आपने बिजली चमका दी जैसे बादलों में बिजली चमकती है। चौधरी बंसी लाल जी ने किसानों को कहा कि मैं तुम को इतनी बिजली और पानी दूंगा कि तुम खुदा को भूल जाओगे। इन्होंने खुदा को तो क्या भुलाना था, लेकिन खुद ही हमें भूल गया। तो मेरे कहने का मतलब यह है कि आज अगर किसी गांव मे बिजली चमकती है तो वह बादलों कीतरह चमकती है। आज जब जमींदार ट्यूबवैल चलाने के लिए खेत में जाता है, तो टयूबवैल तक पहुंचते–पहुंचते बिजली खत्म हो जाती है। यहां पर मैंने एक सवाल पूछा था कि

जमुना पर डैम बनाएंगे? जब हरियाणा बना था, तो उस वक्त यह डैम 63 करोड़ रूपए में बन सकता था, लेकिन अगर आज बनाने लगे तो 150 करोड़ रूपए से ज्यादा लगेंगे। तो यह किसकी जिम्मेदारी है? मैं मानता हूं कि चीफ मिनिस्टर साहब की सैन्टर में बड़ी पहुंच है और श्रीमति इंदिरा गांधी इनको बड़ा मानती है, इनको बहुत अच्छा सर्टिफिकेट देती है। अभी यहां रोहतक में किसान मेला हुआ तो वहां पर ट्रकों में लाकर लोगों को इकट्ठा किया गया। वहां पर एक किसान ने कहा कि आप हमें उपदे ा देते है कि खेती की पैदावार ज्यादा बढ़ओ और हम आपसे मांग करते हैं कि आप हमें पानी और बिजली दें हम पैदावार बढाएंगे। अगर बिजली और पानी नहीं दिया जाएगा और सिर्फ उपदे ा ही दिए जाते रहेंगे तो पैदावार कैसे बढ़ सकती है? ऐसा कह देने पर उस बेचारे किसान की बहुत बुरी हालत हुई और उसे वहां से बाहर निकाला गया और पीटा गया। आप कहते है कि बिजली और पानी की कमी सन् 76 में पूरी हो जाएगी। जुई लिफ्ट स्कीम बन रही है, जवाहर लाल नेहरू कैनाल बन रही है। आपने साढ़े तीन सौ फीट पानी ऊंचा फैंकना है तो बिजली आप पैदा करेंगे वह तो लिफ्टों में ही इस्तेमाल हो जाएगी, वह जमींदारों के इस्तेमाल नहीं आएगी। आज बिजली आपको चाहिए आप उससे कम बिजली पैदा कर रहे है और फिर कहा जाता है कि हम बिजली ज्यादा पैदा कर रहे है। तो अगर मैं कोई और बात करूं तो कहेंगे कि चांद राम सेहतमनदाना बात नहीं करते। मैं जानता हूं कि ताकत का न ाा हो और जब बुखार ज्यादा चढ़ा हो, तो

कुनीन की गोली देनी पड़ती है और जब बीमार उसे खाता है तो उसे वह कड़वी लगती है।

श्री गिरी ा चन्द्र जो ी : सब इनकी वजारत थी, तो क्या ये भी कुनीन की गोली खाते थे?

चौधरी चांद राम : तो अब मैं पानी के बारे में कहना चाहता हूं कि आपने कितना पानी दिया? जितना पानी हमारे पास 1966–67 में था आपने उसी को इधर–उधर मोड़ा है। आपने किसी नहर का मोरा तंग कर दिया है। किसी का ऊंचा कर दिया है। उनका पानी कम करके आपने पानी आगे भेज दिया। फिर इन्होंने एडमिट किया कि करनाल पानीपत और कुरूक्षेत्र में बहुत मीठा पानी है, जिससे कि बड़ी अच्छी खेती हो सकती है। इन्होंने सात आठ सौ फुट गहरी खुदाई की, जिसकी वजह से तीन प्राइवेट ट्यूबवैलों पर असर पड़ा, तो क्या कोई इस चीज की इनक्वायरी करने वाला है। आज उस जमींदार के टयूबवैल सूख गए है तो यह कोई अच्छी पालिसी नहीं है कि to rob Peter to pay Paul एक उजड़े और एक बने वाली बात कर रहे है। आज आप क्या कह रहे है कि एक का पानी कम कर दिया और वह दूसरे इलाके को दे दिया। आपकी पैदावार घटने का कारण यही है कि जो पैदावार करने वाले इलाके थे, आपने उनका पानी घटा कर दूसरे इलाके जहां पैदावार नहीं होती, उनको दे दिया हैं, इसलिए न उधर कुछ उपजा न इधर। इसी तरह जहां बिजली ज्यादा मिलती थी, वहां कम हो गई और जहां बिजली नहीं थी

थोड़ी उधर भेज दी, ऐसा करने से पैदावार किसी तरफ भी नहीं हो सकी। नहरी इलाकों में इन्होनें पहले तो जमींदारों का बीज जमीनों में गिरवा दिया लेकिन बाद में एक आधा पानी देकर और पानी नहीं दिया जिसकी वजह से उन बेचारों का बीज भी सूख गया। डिप्टी स्पीकर साहिबा, आज हम यह भूल रहे है कि हरियाणा को बने हुए करीब आठ साल हो गए और आठ साल मैं हम अपनी राजधानी का फैसला नहीं कर पाए और आज हम किराए की जगह पर बैठे हैं। जब प्राइम मिनिस्टर ने एवार्ड दे दिया कि पांच साल में हरियाणा अपनी राजधानी बना ले और चण्डीगढ़ पंजाब को मिलेगा तो क्या मैं इस सरकार से पूछ सकता हूं कि इसने फाजिल्का अबोहर लेने के लिए क्या कुछ किया है? यह दसियों लाख आदमी देहली ले गए और कई स्टूडैन्ट्स मरे इस चंडीगढ़ के सवाल के ऊपर लेकिन उनकी कुरबानी अकारत जा रही है। 29 जनवरी को पांच साल पूरे हो जाएंगे तो क्या मैं पूछ सकता हूं कि आपके पास क्या जवाब है कि आप आज तक हरियाणा को नई राजधानी नहीं दे सके? कहीं बनाते और मैं तो समझता हूं कि किसी सैन्ट्रल प्लेस में बना दो जो हरियाणा के बीच में हो तो सारा हरियाणा इकट्ठा रहेगा लेकिल अगर किसी ऐसी जगह बना दी जो किसी को अच्छी लगती या फलां को प्यारी लगती है तो आप हरियाणा का नुकसान कर जाएंगे। तो मैं यह कहना चाहता हूं कि राजधानी के मामले मैं और फाजिल्का अबोहर के मामले में तुरन्त कदम उठने चाहिए, आखिर वह प्राइम मिनिस्टर का अवार्ड है उस पर अमल होना चाहिए। यह वह प्राइम

मिनिस्टर है जिसका सारे दे ा में नाम है दूसरे दे ाों में नाम है, वह जब इल दो स्टेट्स के झगड़े पर अपना अवार्ड दे चुकी है तो क्या आप मैं उस अवार्ड का इम्प्लीमैंट करवाने की हिम्मत नहीं है और क्या हरियाणा सरकार इतनी कमजोर है कि उसके साथ अन्याय होता रहेगा और उस हरियाणा के लोगों के साथा अन्याय होता रहेगा, जो वीरों की भूमि है। यह हरियाणा दे ा की रक्षा के लिए फौजी भेजता है दूसरे प्रदे ाों को जो कमी वाले है, अनाज पैदा करके देता है, आज यह हरियाणा दूसरे नम्बर की सरप्लस स्टेट है यह कपास पैदा करती है, गन्ना, धान और आलू पैदा करती है और दे ा को खु ाहाल बनाने में बढ़–चढ़ कर हरियाणा हिस्सा ले रहा है तो फिर भी वह नई राजधानी के बगैर और फाजिल्का अबोहर के बगैर रहे इसके साथ इन्साफ नह हो, उसके जायज हिस्से से वंचित रखे, वह पानी, बिजली जो उसके हिस्से की है उसके बगैर रहे तो इसका मतलब हम क्या लें क्या यह न लैं कि यह सरकार इतनी कमजोर है कि वह न्याय भी नहीं ले सकती? यह सवाल है जो इनके ध्यान में होने चाहिएं। आज मैंने एक सवाल पूछा कि कितने आदमी हरियाणा में दफा 107/151 में गिरफ्तार किए गए है। मैं अर्ज करता हूं कि ऐसे ऐसे मुअजज आदमी जो एक–एक हजार मन गेहूं पैदा करते है जिन का पोलिटिक्स से कोई वास्ता नहीं, सिर्फ इस डर से कि उनकी बी. एल.डी. से हमदर्दी है। जयप्रका ा जी देहली में आए है और कुरूक्षेत्र में आए है इसलिए उन मुआजज आदमियों को खेतों मैं काम करते हुए गिरफ्तार किया गया। मैं किस–किस के नाम लूं

और उनके नाम ले कर अपने आदमियों को मरवाना भी नहीं चाहता। रोहतक में एक जलसा हुआ। वहां एक बहुत माने हुए श्री महेंद्र सिंह वकील है, मुअजज आदमी है, लेकिन उनको हथकड़ी लगाकर ले जाया गया। कार हमारे दफ्तर के सामने से ले जाई गई फिर कहा गया कि कार चोरी नहीं की। लेकिन मैं क्या कहूं और हम इस बात के लिए तैयार है मैं एक ऐसे झगड़े मैं से निकला था जो हरिजन आन्दोलन के नाम से म ाहूर है जो 113 दिन तक चला था और जिस में 22 हजार आदमी जेल में गए थे। हमारी संघर्श समिति की दस मांगें थी और वह दस मांगें गवर्नमैंट के गजट में छपी। चीफ मिनिस्टर साहब ने 17 दिसम्बर 1973 को ब्यान दिया कि दो कमेटियां पहले बन चुकी है अगर समझते हो कि यह नाकाफी है तो एक एड–हाक बनाएंगे और इन मांगों को पूरा करेंगे और सब के बीच मित्रता पैदा करेंगे यह इनके लफ्ज हैं, उस वक्त के लेकिल जो मित्रता पैदा करने की बात हुई वह नजर नहीं आई और इस बारे में मैं तो यह कहता हूं कि भाई फूल सिंह कटारिया ने जो कल यहां पर तकरीर की वह सारे मैंबरान और वजीरों में बांट दी जाए। मैं ही नहीं कहता वह भी कहते है कि एक रूपया फी साल हरिजन के हिस्सा में नहीं आता है, हरिजनों के लिए आमदनी का कोई जरिया नहीं, उनके लिए भेड़ बकरी चराने के लिए कोई चारगाह नहीं, प ुपालन के लिए कोई सुविधा नहीं, चारगाह नहीं। हमारे गवर्नर साहब ने अपने एक अभिभाशणा में तीन चार साल हुए कहा था कि डेढ़ लाख एकड़ सरपलस जमीन निकलेगी वह तमाम हरिजनों को देंगे।

उसके बाद जो अभिभाशण आजा है, उसमें कहा गया कि नहीं डेढ़ लाख नहीं चालीस लाख एकड़ थी और यह जमीन देकर इन्होंने हातम ताई की कब पर लात मारी है। तो बंसी लाल जी के राज में यह साढ़े छः एकड़ जमीन है जो हरिजनों को दी गई, लाखों से चले थे और यहां तक पहुंच गए। मैं कहता हूं कि गरीब हरिजनों को जमीन की याद बार बार न दिलाओ। उनको भूल जाने दो जमनी की बात लेकिल उनको भूलने भी नहीं देते। फिर कहने लगे हरिजनों को ही नहीं बैकवर्ड क्लासों को भी देंगे। 22 लाख की आबादी तो हरिजनों की है और 15 लाख के करीब यह बैकवर्ड क्लासों के लोग है, आप हिसाब लगाते जाइए। उसके बाद यह नाहरा आया कि भूतपूर्व फौजियों को भी यह जमीन देंगे और इसके साथ जो नाम कटे है उनको भी उम्मीद बंधा दी कि उनको भी मिलेगी। इस के बाद एक और कैटेगरी को बीच में ले आए और वह यह कि जिनकी पांच किल्ले से कम जमीन है उनके भी पांच किल्ले पूरी करेंगे। अब यह जो पांच किले से कम वाले है, बाकी तो छोड़ो, जो दो तीन मैंने और बताए कि उनकी कितनी तादाद है। यह एक हरियाणा गवर्नमैंट की बनाई हुई कमेटी की रिपोर्ट है जो कि पंजाब यूनिवर्सिटी के श्री भल्ला ने छापी है। उन्होंने बताया है कि यह जो पांच एकड़ से कम वाले है उनकी माली हालत क्या है और वह किन हालात में से गुजर रहे है। वह लिखते हैं:-

"Their mean income per capita is 352 against Stage average of 757 for all cultivators and Rs. 133 for every big peasant households".

यह 1972 के आंकड़े है। जो पांच एकड़ से कम के किसान है, उनकी तादाद 1,94,916 है और कुल किसान आबादी का जो खेती का काम करते हैं, उसका यह 27.6 फीसदी है और इनके पास जो जमीन है वह कुल जमीन का जो का त के तहत है 8 करोड़ 87 लाख एकड़ उसका 7.6 फीसदी है। इसमें उन्होंने यह भी लिखा कि वह पावर्टी लाइन से भी नीचे रह रहे है। वह साल में 240 रूपए कर्ज लेकर खेती करते है और अगर उनकी कन्जम्प ान और उनकी आमदनी का हिसाब लगाएं तो जो उनको खेती से होती है और अदर सोर्सिज से भी होती है, तो उनको घाटा पड़ता है और घाटा यह पड़ता है कि .....

Deputy Speaker : You have taken 30 miniutes. I have told that you should not be give more than 20 miniutes. So please wind up now.

चौधरी चांद राम : मैं तीनों मैंबर की तरफ से बोल रहा हूं जो मेरी पार्टी के है। मैं अपनी पार्टी की तरफ से बोल रहा मैं और मैनें भ्रुरू में ही पूछा था कि आप मुझे कितना टाईम दे रहे है।

उपाध्यक्षा : आपकी पार्टी के हिस्से में 9 मिनट आते है अगर हिसाब लगाकर देखा जाए लेकिन आप 30 मिनट तक बोल चुके है। तो आप अब पांच मिनट में खत्म कर दे।

चौधरी चांद राम : मैं गवर्नर साहब के एड्रैस पर नहीं बोला.....(विघ्न)..... मैं कोि ा ा करूंगा कि जल्दी खत्म कर दूं। तो मैं अर्ज कर रहा था कि 10 एकड़ से कम जमीन वाले 56 फीसदी है और ये बिलो पावर्टी लाईन रह रहे है जो कर्ज लेते है कर्ज में जीते है और कर्ज में ही मरते है। यह लोग हरिजन और बैकवर्ड क्लासों के अलावा हैं जो 56 फीसदी हैं। इनकी टोटल पापुले ान एक करोड़ की आबादी मैं 54 लाख है। जहां तक पर–कैपिटा की बात हैं इसमें लिखा है कि इन लोगों को आमदनी बहुत कम होती है, ये कर्जे में रहते है और पावर्टी लाईन में रहते है। अब भाई बताओ की आप कैसे कहते है कि हरियाणा तरक्की कर रहा है? इनकी इस रिपोर्ट में यह भी लिखा है कि 10 एकड़ से कम जमीन रखने वाले जमींदार 20–30 एकड़ जमीन रखने वालो के मुकाबले में ज्यादा पैदावार करते है। अगर छोटे जमींदारों को बैल दिए जाएं, पूरी सहूलतें दे, तो पैदावार ज्यादा बढ़ सकती है। अगर स्टेट से लैंडलार्डीजम खत्म करना है तो कोई कंस्ट्रक्टिव कदम उठाएं, यह स्टेट के लिए ज्यादा फायदे की बात साबित होगी। खाद, तकावी, कर्जे कौन लेते है? बड़े बड़े जमींदार ले जाते है, एक एक जमींदार बीस–बीस, तीस–तीस हजार रूपया कर्जा ले जाता है लेकिल छोटे किसानों को नहीं मिलता। हमने अपने टाईम में एक बात की थी कि 5 एकड़ से कम जमीन वाले जमींदार पर उगाही माफ कर दी थी लेकिन आपने 5 एकड़ वालों पर उगाही लगा दी। किसान के पास तो जमानत है, हरिजन के पास कोई जमानत नहीं है इसलिए इनको

पासबुक बना कर दे दी जाए और कह दिया जाए कि वह बिना जमानत कर्जा ले लें। इस बेचारे गरीब जमींदार के पास ज्यादा से ज्यादा बीस–तीस हजार की जमीन है, चार चार किल्लें जमीन है, उनको पटवारी वगैरा परे ाान करते है कि परनोट दो। इनको इस चक में नहीं डालना चाहिए, सीधा हिसाब होना चाहिए कर्जा लो वापिस कर दो। यह काम हरियाणा में क्यों नहीं करते, पंजाब में तो ऐसा है। हरिजनों को रिजर्वे ान भी पूरी नहीं दी जाती। यहां हाउस में पूछा था कि कितनी आफसिर एच.सी.एस है। इन्होंने कहा कि 114 के करीब एच.सी.एस. आफिसर है जिन मैं से 15 आफिसर हरिजन है। इन में हरिजनों की परसैंटेज बढी ही नहीं। एच.सी.एस. (जुडि ाियल) की संख्या 64 है। चौधरी अमर सिंह ने सवाल पूछा था जिसके जवाब मैं इन्होंने बताया था कि एच.सी.एस. (जुडि ाियल) में ि ाड्यूल्ड कास्ट 5 परसैंट है। आप बतायें कि परसैंटेज के हिसाब से कितने होने चाहिएं? 13 के करीब होने चाहिए लेकिन 13 में से आज 5 परसैंट है। अब आप पास मार्क्स की बात ले लें। पहले पास मार्क्स 45 परसैंट होते थे लेकिन अब वे कहते है कि 55 परसैंट होने चाहिए। अब जब हरिजन थोड़ा बहुत पढ़ने लगे तो परसैंटेज बढ़ा दी। एक साहब कह रहे थे कि हरिजनों के लिए बहुत कुछ हो रहा है। 18 दिसम्बर 1970 को हाई कोर्ट का फैसला हुआ था जिसमें हरियाणा सरकार और पंजाब सरकार दोनों हार गई थीं क्योंकि यह केस पंजाब के वक्त मैं चला हुआ था। केस था रिजर्वे ान इन प्रमो ान, हीरालाल वर्सिज प्रताप सिंह। केस दर्ज हुआ और हाई

कोर्ट में गवर्नमैंट को हराया। इसके बाद हरियाणा गवर्नमैंट ने सुप्रीम कोर्ट से अपील की और सुप्रीम कोर्ट ने मान लिया कि रिजर्वे ान इन प्रमो ान होनी चाहिए। 12 सितम्बर 1963 को रिजर्वे ान इन प्रमो ान का फैसला हुआ और मान लिया गया कि पहल वैकेंसी हरिजन को दी जा सकती है। क्लास 1 और क्लास 2 मैं रिजर्वे ान दी जा सकती है, इस सिलसिले में गवर्नमैंट आफ इंडिया ने भी एक लैटर हर स्टेट गवर्नमैंट को सर्कुलेट किया था कि क्लास 1 और क्लास 2 में तो रिजर्वे ान दूर रही, क्लास 3 और क्लास 4 में भी रिजर्वे ान इन प्रमो ान पूरी नहीं हुई। (घंटी) डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं ज्यादा समय नहीं लूंगा। मैं कह रहा था कि यह गवर्नमैंट जिसका अपना फैसला था और सुप्रीम कोर्ट ने भी मान लिया था लेकिन उसके बाद सरकार कहती है कि हम दोबारा फैसला करेंगे और सुप्रीम कोर्ट के फैसले को मानते ही नहीं हैं? जब सच्चर का जमाना था तो इन्होंने कहा था कि तीसरी वैकैंसी हरिजन को दी जाएगी मुझे अच्छी तरह से याद है लेकिन पता नहीं कानून वाले कैसे इन्टरप्रटे ान करते है? उन्होंने कहा था कि तीसरी वेकैंसी हरिजन को देंगे लेकिन इसके साथ ही साथ एक और हुकम जारी कर दिया कि रिक्रूटिंग एजेंसीज, जैसे एस.एस.एस. बोर्ड और पब्लिक सर्विस कमी ान, तीसरी वेकैं ाी होने के बाद सीनियारिटी फिक्स करेंगे लेकिन इससे तो सुप्रीम कोर्ट का फैसला रिडैंडैंट हो गया। तीसरी वेकैंसी हरिजन को देने का क्या मतलब है, कोई मतलब नहीं है। इसका मतलब तो यह है कि 100 मैं से 20 देंगे और उनकी

सीनियारिटी आखिरी 20 में यानी 80 वेकैंसीज के बाद फिक्स कर देंगे और इस तरह से हरिजन जूनियर मोस्ट हो गए। इससे क्या फायदा, यह कहां का ला? जहां तक एस.एस.एस. बोर्ड और पब्लिक सर्विस कमी ान का ताल्लुक है, उन में तो फिलहाल कोई हरिजन है ही नहीं। एक फैसला जो हाई कोर्ट ने होल्ड किया तो डिपार्टमैंट वाले, हाई कोर्ट के फैसले के ओवर एंड अबब कैसे ओपीनियन दे सकते हैं?

Deputy Speaker : Please wind up.

चौधरी चांद राम : मैं अभी खत्म करता हूं। डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह गवर्नमैंट आये साल धानक, भंगी, चमार वगैरा का सवाल पैदा करती है लेकिन इनको देती कुछ नहीं। मैं कहता हूं कि उनको पूरी रकम दो, एक रूपया फी हरिजन जो उन पर खर्च करने जा रहे है इससे उनका सुधार नहीं होने वाला। चौधरी फूल सिंह कटारिया के एक सवाल के जवाब में इन्होंने कहा था कि इंडस्ट्रियल फिनांस कारपोरे ान को 58 लाख रूपया दिया गया लेकिन इसके मुकाबले में हरिजल कल्याण निगम मैं, हरिजन की भलाई के लिए सिर्फ 9 लाख दिया गया। आप देख लें कि 9 लाख रूपये से क्या हरिजनों का भला हो जाएगा? इस किताब में लिखा है कि हरिजन चिरकाल से पिछड़े हुए है लेकिन हिस्ट्री नहीं बताई कि कब से पिछड़े हुए है। क्या ये हिस्ट्री ये हिस्ट्री नहीं बता सकते थे कि कब से पिछड़े हुए थे? डिप्टी स्पीकर साहिबा, एक बात मैं बड़े अदब से आपकी मारफत बताना

चाहता हूं, मेरी आदत नहीं है धमकी देने की। पिछले एजीटे ान में मैं मजबूर होकर खड़ा था। आज भी हरिजन दुखी है और दुख से कहते है कि अगर किसी ने एजीटे ान पर जोर दिया तो करना पड़ेगा। आज हरिजन की जूती का काम बाटा ने ले लिया, तानी का काम मिलों ने ले लिया, यहां तक कि मिट्टी की खोदने का काम भी नहीं मिलता, वे कांग्रेस के राज में मारे–मारे फिरते हैं.....

Deputy Speaker : Please wind up.

चौधरी चांद राम : एक मिनट जी। मैं कहता हूं कि इनको एजीटे ान करने पर मजबूर न किया जाए। ये लोग तो आपका काम हाथ जोड़कर कर सकते हैं, आपकी सरकार बनाते रहे हैं, आप पर उम्मीद ही उम्मीद लगाए बैठै है, इनको कोटे दो, परमिट दो और इनकी जो संघर्श समीति की 10 मांगें है उनको मान लिया जाए, अगर नहीं मानेंगे तो इंडिया में ऐसी गड़बड़ी, ऐसा असन्तोश फैलेगा जिसको आप काबू में नहीं कर पायेंगे।

श्रीमति भाारदा रानी : आन ए प्वायंट आफ आर्डर मैडम। चौधरी चांद राम जी हरिजनों के बारे में इतना बोल रहे है, क्या वे फैमिली प्लानिंग के बारे में हरिजनों को कहेंगे कि वे सबसे कम बच्चे पैदा करें? क्या वे यह भी देखेंगे कि हरिजन फैमिली प्लानिंग को एक्सैप्ट करते हैं या नहीं!

चौधरी चांद राम : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं इनकी बात का जवाब देता हूं। (व्यवधान) एक भाई ने कहा कि उसने फैमिली प्लानिंग की है (व्यवधान) मैं फैमिली प्लानिंग के हम में हूं लेकिन स्वेच्छा से। कुरप्ट करने का जो ढ़ंग है यह ठीक नहीं। 12–12 साल के लड़कों का आप्रे ान हुआ है (घंटी) कमी ान लेकर जो नसबंदी या औप्रे ान करते हैं मैं इसके खिलाफ हूं (व्यवधान) अगर करनी है तो स्वेच्छा से की जाए ने कि दबाव डालकर और लालच से। असूलन मैं फैमिली प्लानिंग के हक में हूं।

चौधरी ई वर सिंह (पूंडरी) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, डिमांड पर चर्चा हो रही है। मैं फिनांस मिनिस्टर साहब को बधाई देता हूं कि उन्होंने जुडि ियस बजट पे ा किया है। इन्होंने बजट में खसारा भी दिखाया है। खसारे के बारे में मैं अर्ज करता हूं, जैसा कि कहा गया है–

मैं वो सौदागर हूं जिसने

नफा देखा है खसारा में।

फिनांस मिनिस्टर साहब ने नफा भी देखा है लेकिन जो लूप होल्ज है उन को प्लग करके वह घाटा पूरा किया जा सकता है। बजट जो होता है उसमें स्टेट ने अपने रिसोर्सिज दिखाने होते हैं कि घाटा पूरा करने के लिए क्या क्या साधन हैं, किस तरह से आमदनी होनी है और उस आमदनी को किस हैड में कैसे

चाहिएं जो अच्छे काम हुए है मैं उनकी तारीफ कंरूगा। बिल्डिंग बनानी ठीक है, डाक्टरों को रखना ठीक है, मैं आपके साथ सहमत हूं लेकिन ऐसे काम नही होने चाहिए जिन पर रूपया नाजायज खर्च हो और स्टेट को नुक्सान हो, यह तो स्टेट पर एक भार बन कर रह जायेगा। इस खर्चे हो कम करने के लिये मैं आपकी मारफत यही कहूंगा कि जहां डिमांड ज्यादा है और खर्च कम होता है वहां ज्यादा किया जाये लेकिन वैलफेयर डिपार्टमैंट को पैसा दो पुलिस को दो जिससे फायदा कोई नही होात, ऐसा नही होना चाहिए, इस तरह स्टेट का घाटा पूरा नही हो सकता। इससे जनता का हित नही है बल्कि धोखा है और इस धोखे का नतीजा सरकार को भुगतना पड़ेगा। आज दे ा के लिये हालत अच्छी नही है। गरीब आदमी की हालत इतनी खराब है कि उसको खाने के लिये रोटी नही मिलती, पहनने के लिये कपड़ा नही मिलता। आप पैसा उन कामों पर लगाओं जहां मजदूर लोग काम करते है। सड़कों पर लगाओ, नहरो पर लगाओ, कारखानो पर लगाओ लेकिन इन कामो मे सरकार ने पैसा कम रखा है जहां मजदूर लोग काम करते है। गरीब आदमी के लिये तो इन के पास कोई रोजगार है ही नही। रोजगार का कोई साधन नही, इंडस्ट्रीज लगाने के साधन नही, सिर्फ इस बात के लिये साधन है कि टैक्स बढ़ा दो और पुलिस मे पैसा दे दो ताकि डंडा चलता रहे। डंडे के लिये सरकार हुक्म देती रहती है.....

सिंचाई तथा बिजली मंत्री (श्री बनारसी दास गुप्त): क्या बजट पढ़ कर बोल रहे हो या ऐसे ही ?

चौधरी पीर चंद: पढ़ कर बोल रहा हूं। अगर गरीब आदमी को रोजगार देना है तो इंडस्ट्रीज के अंदर ज्यादा पैसा दो और हर गांव मे कोई न कोई छोटी मोटी इंडस्ट्री लगाई जाये जैसे लोहार का काम, खड्डी का काम, लकड़ी का काम और भी कई छोटे छोटे काम है। आज बैकवर्ड क्लासिज के काम खत्म हो रहे है, लोहार गांवों मे है लेकिन उन का काम बड़ी इंडस्ट्रीज वालों ने ले लिया है। आज बड़े बड़े आदमी अमीर होते जा रहे है और गरीब मरते जा रहे है। स्पीकर साहब, आज हरियाणा मे यह हालत है कि हर व्यक्ति यह बात सोचता है कि मेरा गुजारा कैसे चलेगा ? सरकार की यह नीति है कि बड़े बड़े आदमियों को पांच लाख, दस लाख और बीस लाख तक लोन देती है और जब गरीब आदमी की बारी आती है तो भार्ते लगा देती है। गरीब आदमी उन भार्तो को पूरा ही नही कर पाता और अगर कोई पूरा करें तो दफ्तारों के चक्कर काटने पड़ते है। वे तो बड़े आदमियो के रिसोर्सिज है, नीचे से ऊपर तक मिले हुए है, इनको लोन मिल जाता है लेकिन गरीब आदमी को कोई पूछता ही नही। मैं आपका ज्यादा वक्त नही लेता हुआ आपका धन्यवाद करता हूं और अपना स्थान लेता हूं।

श्री अध्यक्ष: राव अभय सिंह जी बोलेंगे। समय कम है इसलिये आपको 5 मिनट मिलेंगे।

राव अभय सिंह (रिवाड़ी): स्पीकर साहब, मैं गवर्नर ऐड्रैस पर भी नही बोला था लेकिन चूंकि समय कम है इसलिये जनरल डिस्क ान पर न बोल कर आपने इलाके के मुताल्लिक ही कुछ बातें आप के सामने रखूंगा। अभी एक मैंबर साहब ने फरमाया कि स्टेट का स्ट्रक्चर बुलन्द नही है और हरियाणा मे कोई तरक्की नही हुई। स्पीकर साहब, जब बाहर उन भाईयों से बात होती है तो ये कहते है कि वाक्या ही हरियाणा मे बड़ी तरक्की हुई है लेकिन यहां पर सिर्फ अपोजी ान ने नाते, सिर्फ क्रिटिसिज्म के नात वे कहते है कि हरियाणा मे कोई खास तरक्की नही हुई। स्पीकर साहब, चूंकि मैंने अपने हल्के के मुताल्लिक कहना है इसलिये सिर्फ दो चार बातों की तरफ ही उन मैंबर साहेबान का ध्यान दिलाना चाहता हूं। जिस वक्त हरियाणा बना, जैसाहमारे जो ी साहब ने फरमाया था, यह आया राम और गया राम के नाम से बिल्कुल बदनाम हो गया था। जहां कहीं भी हम हरियाणा के लोग जाते थे लोग पहले यही कहते थे कि लो आया राम और गया राम के सूबे से ये लोग आ रहे है लेकिन जब से चौधरी बंसी लाल की सरकार पावर मे आई तब से इस 6 साल के अस्र मे उन्होंने हमारी हकूमत को भी स्टेबल बनाया और जनरल ऐडमिनिस्ट्रे ान को भी काफी मजबूत किया है। तो मैं अपनी सरकार को मुबारिकबाद देता हूं, खासकर चौधरी बंसी लाल जी, जिन्होंने इस 6 साल के अर्सा मे हमारी हकूमत को स्टेबल बनाया और जिसकी वजह से हम लोग काफी तरक्की कर सके।

दूसरी बात, स्पीकर साहब, मैं आपके सामने यह रखना चाहता हूं कि बहुत से इलाके हमारे इस सूबे मे ऐसे थे जो बहुत बैकवर्ड थे। कुछ इलाके ऐसे थे जहां पीने का पानी तीन तीन चार चार मील से लाते थे। कई जगह तो ऊंटों पर काफी दूर दूर से पानी लाते थे जैसे तो ाम के इलाके मे या दूसरे इलाके मे, इस सरकार ने मीठा पीने कापानी मुहैया किया है। अब वहां पर तीन तीन चार चार मील से पानी नही लाना पड़ता बल्कि हर गांव मे नल हमारी सरकार ने मुहैया किये है और लोगों को बड़ी सहूलियत दी है।

यही नही स्पीकर साहब, हमारी इस सरकार ने तीन चार बड़ी बड़ी नहरे भी बनाई है। जैसे इंदिरा गांधी कैनाल है, चक्रवर्ती कैनाल हे, जो कि हमारे गवर्नर साहब के नाम पर है। हमारे महेन्द्रगढ़ के इलाके मे जो एक बहुत बड़ा प्रोजैक्ट है उसे नेहरू कैनाल कहते है। उस पर भी अब काम भाुरू हो गया है। दो तीन नहरें तो कंप्ली ान के नजदीक है और एक दो कंप्लीअ हो गई है। वे नहरें ऐसे इलाके मे बनाई गई है जहां बारि ा बहुत कम होती थी और हर साल, दूसरे साल या तीसरे साल बहुत कहत पड़ता रहता था। तो क्या हरियाणा के स्ट्रक्चर को बुलंद करने मे या हरियाणा की मियार को बुलन्द करने मे ये नहरे काफी नही है ?

इसके अलावा, स्पीकर साहब, सबसे बड़ा अहम काम जो हमारी सरकार ने किया वह यह है कि गांव गांव मे बिजली

पहुंचाई गई। चौधरी बंसी लाल जी की सरकार आने से पहले सिर्फ दो हजार गांवों मे बिजली थी, बल्कि इससे भी कम गांव मे थी, लेकिन आज हरियाणा मे कोई गांव बाकी नही जहां बिजली के लट्टू न जलते हो या जहां हमारे टयूबवैल के पाईप न कूदते हो। मैं अब फिर उन भाईयों से पूछूंगा कि क्या इससे हरियाणा का स्ट्रक्चर नही बढ़ा है ?

इसके अलावा स्पीकर साहब, हर जिले के हैडक्वार्टर्ज पर, चाहे आप करनाल को देख लीजिए, चाहे गुड़गांव को देख लीजिए, बल्कि मैं तो यह भी कहूंगा कि सब डिविजनल हैडक्वार्टर्ज पर भी, जहां पर पहले हस्पताल की बिल्डिंगज की दिक्कत थी आज वहां बड़ी आलो ाान बिल्डिंग तैयार की गई है। रोहतक मे आप देखते है कि एक हजार बिस्तारों का हस्पताल हमारी सरकार ने मुहैया किया है और उसमे हर तरह की सहुलियते दी गई है। इसके अलावा भी स्पीकर साहब, और बहुत सी बाते है जिनसे यह साबित होता है कि हमारे हरियाणा के सूबे ने हर भाोअबे मे, चारो तरक्की की है और इसका मियाद बुलन्द हुआ है।

स्पीकर साहब, अब मैं चंद बाते अपने हल्का के मुताल्लिक अज्र करना चाहता हूं डिमांड 1 ननरल ऐडिमिनिस्ट्रे ान के बारे मे है। जब पहले रिवाड़ी तहसील जिला गुड़गांव का हिस्सा थी क्योंकि अब तो तकरीबन एक डेढ़ साल से महेन्द्रगढ़ जिला मे जो एक बैकवर्ड जिला है भाामिल कर दी गई, उसके एम्पलाईज को बैकवर्ड अलांउस नही मिलता था लेकिन जिस वक्त रिवाड़ी

सब डिविजन को महेन्द्रगढ़ मे भामिल किया गया था उस वक्त य यकीन दिलाया गया था कि चूंकि महेन्द्रगढ़ बैकवर्ड एरिया है इसलिये रिवाड़ी के मुलाजमिन को भी उनके ऐट पर रख जायेगा, बैकवर्ड अलांउस दिया जायेगा लेकिन अभी तक वह उन्हें नही मिला है। इसलिये मेरी गुजारि ा है कि रिवाड़ी सब डिविजन के मुलाजमीन को भी बैकवर्ड अलांउस दिया जाये और ऐट पार उनके किया जाये।

दूसरी बात स्पीकर साहब, मैं आपके जरिये मद नं. चार पर रैवन्यू डिपार्टमैंट के बाबत रखना चाहता हूं। इस साल, स्पीकर साहब, हमारे जिला महेन्द्रगढ़ मे, खास तौर पर रिवाड़ी तहसील मे, काफी जब्रदस्त कहत के लिये, जो ड्रौट हिट एरिया है उनके लिये, काफी इंतजाम किया हे लेकिन मैं अपने हल्के के मुताल्लिक एक अर्ज करूंगा। मैने पहले भी पंडित जी से अर्ज की थी और क्वै चर अवर मे भी सप्लीमैंटरी क्वै चर पुट किये थे कि चार की हालत वहां नातसल्लीबख्भा है, चारा बहुत कम तादाद मे वहां जा रहा है। धारूहेड़ा और उसके आसपास के गांव मे तो चारा गया ही नही। मैंने अपने पंडित जी से, रैवेन्यू मिनिस्टर साहब से अर्ज किया था और जिले के डिप्टी कमि नर तथा एस.डी.ओ. से भी कहा था कि धारूहेड़ा मे जो रिवाड़ी से तकरीबन 11 मील के फासले पर है, चारे का डिपो खोला जाये ताकि लोगो को ज्यादा दूर न जाना पड़े । गवर्नमैंअ की यह पालिसी भी है कि तीन चार मील से दूर, चारा या तकाबी लेने के लिये, जाने की दिक्कत

लोगो को नही दी जानी चाहिए। तो सरकार अपनी पालिसी के मुताबिक भी मेरा यह निवेदन हे, धारूहेड़ा मे जल्दी से जल्दी चारे का डिपो खोले।

इसके बाद, स्पीकर साहब, मेरी अर्ज यह है कि मेरे हल्के मे धारूहेड़ा, खटावली और हटसाना इन गांव मे हरिजन बस्तियां बसी हुई है। पहले यह बहुत बंजर, उबड़ खाबड़ और बिल्कुल ही निकम्मी जमीन थी। (घंटी).....सिर्फ दो चार मिनट स्पीकर साहब और लूंगा। तो मैं कह रहा था कि पहले वह जमीन बेकार थी और हमारी सरकार ने उसे यूटिलाईजे ान आफ वेस्ट लैंड एक्ट के तहत तथा चूंकि वह कस्टोडियन जमीन भी थी, उन हरिजनों को अलौट कर दिया था और अलौट करते वक्त यह भार्त लगाई थी कि जब वे उसे आबाद कर लेंगे तो उन्हे ही वह जमीन दे दी जायेगी, उनको उसका मालिक बना दिया जायेगा और उसकी रजिस्ट्री उनके नाम करा दी जायेगी। उन लोगों ने काफी पैसा लगा करके मेहनत करके, कईयों ने तो टयूबवेल भी लगाये हए है, जब उसे काबिलेका त कर लिया तो अब उन्हे नोटिस जा रहा है कि तुम्हारी यह जमीन नीलाम की जायेगी। तो मेरी सरकार से यह गुजारि ा है कि ऐसा न किया जाये क्योंकि वे बहुत गरीब लोग है। उन्होंने पंद्रह बीस साल मेहनत करके उसे काबिले का त बनाया है। ऐसी ही जमीन, स्पीकर साहब, फरूखनगर, गुड़गांव, मे भी थी। वहां भी हरिजनों को जमीन अलौट की गई थी। उनकी रजिस्ट्री हो गई है,उन्हे उसका मालिक बना दिया गया

है, तो मेरी गुजारि ा यह है कि इन लोगो को भभ इस जमीन का मालिक बनाया जाये और ठीक भाव पर वह जमीन उनको दे दी जाये।

स्पीकर साहब, डिमांड नं. 8 पी.डब्ल्यू.डी. के मुताल्लिक है। यह भी पंडित जी का महकमा है। इसके बारे मे अर्ज यह है कि जिस वक्म हमारी सरकार ने क्रै ा प्रोग्राम रोड़ज का बनाया था तो उस वक्त यानी तकरीबन 60–65 फीसदी गांव हरियाणा के सड़कों के साथ मिला दिये गये लेकिन बदकिस्मती से मेरे हल्के मे 10–12 मुरब्बा मील के कम्पैक्ट एरिया मे 14–15 गांव ऐसे रह गये है जिनमे अभी तक कोई ऐप्रोच रोड़ नही बनी हुई है उन गांवो के नाम लूंगा तो टाईम काफी लगेगा लेकिन फिर भी बता देना चाहता हूं वे है मालेहड़ा, ढाकिया, सूरजपूरा, सूनारिया, तारपूर, मीरपूर, तुरकियावास, जांट, गोकलपूर, कुम्भावास, रामगढ़, भगवानपुर, और जांटी। ये कोई 15 करीब गांव है जो इस ऐप्रोच रोड़ की सहूलियत से बिल्कुल महरूम रह गये है। यह 10–12 मील का कम्पैक्ट एरिया है। इसलिये मेरी गुजारि ा हे कि इन गांवो को प्रायरिटी देकर या रीलिफ फण्ड से पैसा ले कर ऐप्रोच रोड़ बनायी जाये। (घंटी) स्पीकर साहब, दो चार बाते और रहा गई है, अभी खत्म करता हूं इसके अलावा डिमांड नंबर 10 है। यह हैल्थ डिपार्टमैंट के बारे मे है। रिवाड़ी का हस्पताल दो साल से बन रहा है। इस पुराने हस्पताल की बिल्डिंग को गिरा कर नयी बिल्डिंग बनायी जा रही है। पुरानी बिल्डिंग तो गिरा दी है लेकिन

अभी तक नयी बनी नही है इसलिये मरीजों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। सरकार से अर्ज हे कि इस हस्पताल को ज्यादा पैसा दे कर इस साल मे बना दिया जाये तो बड़ी मेहरबानी होगी। लोगो की जो दिक्कत हे वह भी दूर हो जायेगी।

डिमांड नंबर 11 अरबन डिवैल्पमैंट के बारे मे है। रिवाड़ी भाहर एक बड़ा अहम भाहर है। रिवाड़ी भाहर की हालत बहुत खराब है। सारी सड़के टूटी हुई है, सेनीटे ान की हालत बड़ी खराब है। सीवरेज का काम बिल्कुल अधूरा पड़ा हुआ है। गन्दगी के ढेर वहां पड़े रहते है इस भाहर की तरफ जब तक सरकार कोई खास ध्यान नही देगी तब तक इसकी हालत नही सुधर सकती। कोई अच्छी रकम गवर्नमैंट की तरफ से म्युनिसिपल कमेटी को नही दी जायेगी तब तक इस भाहर का कल्याण नही हो सकता। अभी परसो एस.डी.ओ. सिविल के महकमे ने एक मीटिंग बुलायी थी, वहां पर यह बताया गया कि भाहर की डिवैल्पमैंट के लिये कमेटी के पास से एक या सवा लाख रूपया सालाना लग सकता ह। तो स्पीकर साहब, इस रिवाड़ी भाहर की इतनी खराब हालत है जिसके विशय मे ब्यान नही किया जा सकता। मैं सरकार से, लोकल बाडीज के मिनिस्टर साहब से दखास्त करूंगा कि इस भाहर की तरफ खास तौर से ध्यान दे। इसके लिये खास रकम मोहैया नही करेंगे तो इसकी डिवैल्पमैंट नही होगी।

पब्लिक हैल्थ कि मुताल्लिक भी मैं अर्ज करूंगा। मेरे अपने हल्के मे मसानी वाटर सप्लाई स्कीम है। उसके पास ही

डूंगरवास, फीदडी, बुडानी, तुरकीयावास, रामगढ़ और भगवानपुर गांव है। ये गांव इस स्कीम के साथ कुनैक्ट होने चाहिए। इन गांवो का एस्टीमेट बन चुका है। मिनिसटर साहब ने भी अ योरेन्स दी थी। सिर्फ ये चार चार पांच गांव रह गये और सब जगह पानी चला गया है। इसलिये मेरा निवेदन है कि इस साल के बजट मे ऐसा स्कीम के नीचे इन गांवों को पानी देना निहायत जरूरी है। मैं फाइनेंस मिनिस्अर साहब से और पब्लिक हैल्थ मिनिस्टर साहब से कहूंगा कि इन चार गांवो को जरूर पानी दिया जाये। कहना तो काफी था लेकिन समय नही है इसलिये मैं खत्म करता हूं।

श्री अध्यक्षः मित्तल साहब आप कम से कम कितना वक्त लेंगे ?

वित्त मंत्री (श्री राम सरन चंद मित्तल): जितना आप टाईम देंग।

चौधरी फूल चंद (मुलाना एस.सी.): आदरणीय अध्यक्ष महोदय, बजट पर चर्चा होते हुए कई दिन हो गये है। इस सदन के सदस्यों द्वारा दिखाए गये ड्रामें सदन के सामने आये। आपके देखा होगा कई सदस्यों ने अपना पूरा समय लेने के प चात आपके ऊपर ऊंगली उठायी कि समय पूर नही दिया जाता। मैं आपके कुछ आंकड़े बता देना चाहूंगा इंफर्मे ान के लिये। जब से यह सदन इस बार आरम्भ हुआ है गवर्नर एड्रैस मे भाग लेते हुए

हमारे ट्रेजरी बैंचीज के साथियों ने कुल समय लिया चार घंटे 14 मिनट और अपोजी ान के सदस्यों ने लिया तीन घंटे 39 मिनट। इसमे स्पीकर साहब, चौधरी दल सिंह जी ने एक घंटा 14 मिनट लिये और चौधरी ि ाव राम वर्मा ने 46 मिनट लिये गवर्नर ऐड्रैस परं बजट पर जनसंघ की तरफ से चौधरी राम लाल ने 38 मिनट लिये और श्री ि ाव राम वर्मा ने 33 मिनट लिये। बजट डिमांडज पर बोलते हुए ट्रेजरी बैंचीज ने कुल समय तीन घंटे 32 मिनट लिया और अपोजी ान ने चार घंटे 32 मिनट लिया। इसका मतलब यह है कि इतना समय देने के बावजूद भी कुद सदस्यों की यह आदत बन गई है कि वे गलत किस्म की बाते करे, स्पीकर साहब को ब्लेम करे, ट्रेजरी बैंचीज को ब्लेम करें कि उनका पूरा समय नही दिया जाता। अजीब बात हैं। कोइ मौन धारणा करता है, कोई वाक आउट करता है। वाक आउट भी किस तरह से ? लोबी मे गये तो फिर अंदर आकर बैठ गये। एक माननीय सदस्य ने डिक्लेयर किया कि मैं बजट सै ान से वाक आउट करता हूं और करते क्या है बाहर हाजरी का रजिस्टर रखा है, हारजी लगायी और चले गये। तो यह किस प्रकार का वाक आउट माना जाना चाहिए और फिर हाजरी लगा कर अपना टी.ए.डी.ए. क्लेम करने का अधिकार बनता है या नही और जो सदन के जिम्मे, सरकार के जिम्मे इल्जाम लगाये है उसकी पूरी जांच करायें।

स्पीकर साहब, आपने बजट पर बोलने के लिये पांच मिनट का समय दिया है इस अर्से मे मैं कुछ विचार रखूंगा।

समाज कल्याण के बारे मे जो डिमांड नंबर 13 के अंदर फाइनैंस मिनिस्टर साहब ने दो करोड़ 42 लाख 59 हजार 380 रूपया रखा है। मैं समझता हूं इस मांग मे जो पैसा रखा गया है यह बहुत कम है इसको थोड़ा बढ़ाया जाना चाहिए। हमारा वर्ग सब से पिछड़ा हुआ वर्ग है। हमारी पार्टी भी चाहती है सरकार भी चाहती है कि यह वर्ग तरक्की करें इसलिये समाज कल्याण के लिये यह बहुत कम पैसा है। आपने स्पीकर साहब देखा है कि यह समाज सदियों से दबा चला आरहा हैं इसकी उन्नति का अब समय आया है। भारतवर्श की आजादी के बाद हमारी कांग्रेस पार्टी भी इस वर्ग को उठाना चाहती है लेकिन स्पीकर साहब, देखने मे जो आया हे जो होना चाहिये था वह सब कुछ नही हो पाया ह। इसके बारे मे मैं आपे विचार आपकी मार्फत सरकार तक पहुंचाना चाहूंगा कि यदि इस वर्ग को ऊंचा उठाना है तो उनकी आर्थिक द ाा को हर हालत मे सुधारना पड़ेगा। जब किसी वर्ग की आर्थिक द ाा अच्छी नही होगी तो सिर ऊंचा करके नही चला सकता। उनको रोजगार के धंधे उपलब्ध कराये जायें आज बात करने को सैकड़ो है, मैं दावे के साथ कह सता हूं कि हमारा बच्चा, मजदूर किसी भी हालत मे किसी से कम नही। ि ाक्षा प्राप्त करने के प चात चाहे वह अफसर लगे, चाहे किसी और बात मे हो वह किसी से पीछे नही रह सकता है। जब एक गरीब हरिजन को इग्नोर किया जाये कि यह हरिजन है, इस भावना को हटाना है। हमे उन्हे ऊंचा उठाने के लिये प्रयतन करना चाहिए। आपने स्पीकर साहब, समय कम दिया है इसलिये मैं इस विशय मे एक बात कहूंगा कि यहां

कर्ज की बात हाउस मे बार बार कही जाती है। मैं इस बारे मे कहूंगा कि कर्ज से इतना भला होने वाला नही है। जहां तक ग्रांट की बात है, हमारे मंत्री महोदय ने पिछले वर्श चौपालों के लिये कुछ प्रोविजन किया था। लेकिन अफसोस से कहना पड़ता है कि इस बार सारे हरियाणा के लिये केवल 5 लाख रूपये का प्रोवीजन किया गया है जो मैं समझता हूं कि बहुत नाकाफी है। 5 लाख रूपये से कितनी चौपाले हम बना सकेंगे ? इसलिये मेरा निवेदन यह है कि इस तरफ जयादा बजट ऐलोकेट करके सामज के उत्थान के लिये हमें पूर्णतया प्रयत्न करना चाहिए।

अब मैं एक दो बातें अपने हल्के के मुताल्लिक आपके सामने रखूंगा। सड़कों की बात डिमांड नं. 8 के नीचे आती है। हमारे यहां एक सड़क अधोया छप्पर रोड़ है, यह डिस्ट्रिक्अ बोर्ड के समय से मेन रोड है लेकिन कमाल की बात यह है कि दोनो तरफ से तो यह सड़क बनकर तैयार है लेकिन बीच मे एक किलोमीटर का सड़क का टुकड़ा छोड़ दिया गया है और नाम रख दिया गया है अधाया छप्पर रोड़। जब तक वह लिंक पूरा नही हो जाता, तब तक हम कैसे उसे अधोया छप्पर रोड़। जब तक वह लिंक पूरा हो जाता, तब तक हम कैसे उसे अधोया छप्पर कह सकते है। इसलिये मेरी गुजारि ा यह है कि इस सड़क को जल्दी से पूर्ण किया जाये। स्पीकर साहब इसी तरह से खेड़ा महुआ खेड़ी की सड़के है। इसके अलावा बए बहुत अहम चीज कालपी जौली रोड़ पर बेगुना का पुल है। यह बात हम कई बाद सरकार के

नोटिस मे ला चुके है लेकिन अब तक उस पर कोइ कार्यवाही नही हुई है। मेरी अर्ज है कि इस काम को जल्दी किया जाये। पब्लिक हैल्थ के बारे मे मेरी यह मांग है कि जिस गांव मे भी यह स्कीम जाये, वहां पर ड्रेनेज का होना बहुत जरूरी है। देखने मे यह आया है कि पानी का ठीक तरह से निकास नही हो पाता ।

अब मैं लेबर एण्ड ऐम्पलायमैंट के बारे मे कहना चाहूंगा। हमारे देहातों के अन्दर लेबर की बहुत बड़ी समस्या है। उन्हे रोजगार की समस्या हर वक्त काटती रहती है। गरीब आदमी के पास अपने कोई साधन नही होते, जिससे कि वह किसी प्रकार से गुजारा कर सके। इससे भी बहुत बड़ी समस्या हमारे पढ़े लिखे बच्चों की है जो बार बार दिन रात कभी एम.एल.एज. के पीछे, कभी मिनिस्टर्ज के पीछे ऐम्पलायमैंट के लिये घूमते रहते है। आज यह समस्या बे ाक दे ाव्यापी है लेकिन हमें इस बात मे भी पहले करनी होगी कि हम इस समस्या बे ाक दे ाव्यापी है लेकिन हमें इस बात मे भी पहल करनी होगी कि हम इस समस्या को हल करने के लिये ऐसे साधन जुटाये जिससे कि हमारी यह प्रौब्लम समाप्त हो सके। (घंटी) अब मैं और अधिक समय न लेते हुए एक बार फिर यह बात दोहराना चाहूंगा कि पिछड़े वर्गों के लिये हम जितना ज्यादा बजट ऐलोकेट कर सके, उतना करे ताकि गरीब आदमी भी सामज के अंदर अपना निर्वाह कर सके, उनका पूर्ण रूप से उत्थान हो सके, वे बराबरी पर आ सकें और जो समाजवाद की भावना को लेकर हम चले है, उसको पूर्ण कर सके। धन्यावाद।

वित्त मंत्री (श्री राम सरन चंद मित्तल): आदरणीय अध्यक्ष महोदय, रोज से बजअ के ऊपर सदन चर्चा कर रहा है ओर तकरीबन 27–28 सदस्यों ने इसमे भाग लिया है जिनमें से आधे से ज्यादा सदस्यों ने जहां तक मैं समझता हूं विरोधी दल या स्वतंत्र एम.एल.एज. समेत, इसकी सराहना की है। मुझे इस बात की बहुत खु ाी है कि तीन चार विरोधी दल के सदस्यों को छोड़ करके बाकी सब ट्रेजरी बैंचिज के भी और उधर के भी सदस्यों ने बजट की बहुत सराहना की हैं बजट का सबसे पहला ट्रिब्यूट यह हो सकता है कि बजट एक बैलेन्सड बजट है और विरोधी दल के कई सदस्यों ने इसको बैलेन्सड बजट बतलाया भी है। मैं उन सब का बहुत आभारी हूं। जनसंध के दोनो सदस्यों और चौधरी चांद राम जी ने बजट को छोड़कर इस तरह बोले जैसे कि वे गवर्नर के ऐड्रेस पर बोल रहे हों और पार्लियामैंट्री ऐटीकेट्स यह है कि जो साहिबान क्रिटीसिजम करें या नुक्ताचीनी करे, वे अपनी नुक्ताचीनी का जवाब सुनने के लिये भी सदन मे मौजूद रहने चाहिए। लेकिन मुझे अफसोस है कि वे लोग यहां नही है। बजट के ऊपर एक बड़ा भारी हमला उन दो तीन साहिबान ने यह किया कि बहुत जयादा कर्जा लिया गया। हरियाणा हैविली इनडैटिड है और यहां पर टैक्स बहुत हैवी लगे हुए है और पैदावार घटती जा रही हैं जहां तक कर्जे का ताल्लुक है अध्यक्ष महोदय, जिन्होंने यह बात की, उन्होंने इस बात पर विचार नही किया कि अगर कर्जा न लिया जाता, अगर हरियाणा गवर्नमैंअ कर्जा न लेती तो आज आप जो इतनी तरक्की देख रहे है, यह कहां से आती ? कोई भी

व्यक्ति अगर कारोबार करता है, खेती करता है या दुकान करता है तो उसको कुछ पूंजी की जरूरत होती है। किसान भी जब खेती करेगा तो उसको बीज चाहिए, खाद चाहिए, इनपुटस चाहिएं खेती के औजार चाहिये, ट्रैक्टर चाहिए चा बैल चाहिए। इसके अलावा उसे और भी कई चीजों की जरूरत होती है जिसके लिये वक कर्जा लेता है। अगर कोई आदमी इतना खु ाहाल हो कि वह अपने आप ले सके तब तो चल सकता है वरना अमूमन उनको कुछ न कुछ कर्जा लेकर ही भाुरू करता है। ये जो बड़ी बड़ी कम्पनियां बनती है ये क्या है? कम्पनियां भी इसी तरह करती है कि भोयर होल्डर्ज से रूपया लेती है और उस रूपया को काम मे ला करके, बड़े बड़े कारखाने लगाती है या व्यापार या तिजारत करती है। इसी तरह से हरियाणा गवर्नमैंट का भी वगैर कर्जे के काम नही चल सकता। यह बात ठीक हे कि अगर कर्जा लिया जाये तो वह कंसट्रक्टिव कामों पर लगाया जाये। यह नही कि वह कोई अन प्रोडक्टिव ऐस्पैंडीचर हो। उससे नहरे निकले, बिजली लगायी जाये या पावर जनरे ान का काम किया जाये। इस तरह का खर्च एक प्रोडक्टिव ऐक्सपेंडीचर हे और यह जरूरी चीज हैं इसलिये अगर कर्जा लिया जाये तो ऐसी चीजों पर खर्चा हो। अगर कोई आदमी भाादी के लिये कर्जा लेता है तो वह अनप्रोडक्टिव कहलाता हैं लेकिन अगर कोई कारोबार के लिये कर्जा लेता है तो वह अनप्रोडक्टिव कहलाता हैं लेकिन अगर कोई कारोबार के लिये कर्जा लेना है तो वह प्रोडक्टिव है। इसी तरह से हरियाणा गवर्नमैंट ने भी जितना कर्जा लिया है, उस कर्ज की तादाद बजट

के अंदर बखूबी दी हुई है, प्रोडक्टिव कामों के लिये लिया है, उस कर्जे की तादाद बजट के अंदर बखूबी दी हुई है, प्रोडक्टिव कामो के लिये लिया है । बजअ के अंदर एक और बात है वह यह है कि इसके अंदर कोई हेरा फेरी की बात नही है। जितनी सही फिगर्ज हो सकती है, दी गयी है, जहां पर हमारी कमजोरी है, जहां पर हमारी प्रतिभा है और हम जहां पर आगे बढ़ने वाले है, वह सब उसमे दी हुई है। उसको देखकर अगर हिसाब लगाया जाये तो वह देखा जायेगा कि हमारे हरियाणा की जो अर्थ व्यवस्था है, इकोनौमी है, वह बड़ी साउंउ इकोनौमी है। हमारी इकौनोमी के अंदर कोई ऐसी बात नही है जिस पर अफसोस किया जाये या किसी तरह का खतरा जाहिर किया जाये। मुझे बहुत अफसोस हुआ जब चौधरी राम लाल जी ने यह कहा कि हमारा दिवाला निकलने वाला है। आप देखिये, कभी कोई ऐसा मोका नही आया जब हम अपनी लायबिलटी को मीट न कर सके हो। जहां तक हम से होता है, हम सब तरफ से अपनी लायबिलटी को मीट करते है। कोई भी ऐसा मौका नही आया जबकि हमें यह कहना पड़ा हो कि हमारे पास देने पड़ा हो कि हमारे पास देने के लिये पैसा नही है यह ठीक है कि कुछ फाइनैंि ायल स्ट्रिन्जैंसी बंगला दे ा की लड़ाई की वजह से हुई और सैंट्रल गवर्नमैंट से हमने जो ओवर ड्राफ्ट लिया था, वे भी इस बार मांगते है लेकिन हमारी अर्थ व्यवस्था ठीक न हो ऐसी बात नही है और हमें कोई खतरे की बात नजर नही आती।

लोंज के बारे मे जो ये लोग इतना कहते है कि हमने इतना लोन लिया हुआ है, अगर हिसाब लगाया जाये तो यह इस बात का इंडैक्स है कि हमारी प्रौसपैरिटी कैसी है ? अध्यक्ष महोदय, हमसे तो पंजाब ज्यादा प्रौसपरस है। पंजाब के बारे मे तो भ्रुबहा भी नही कर सकते कि वह एक प्रौसपरस स्टेट है। वहां पर जो लोन्ज के बारे मे इन्सीटैंटस है, वह मेरे पास है। वहां पर टैक्सिज के इन्सीडैंटस है 92.67 जबकि हमारे यहां हरियाणा मे 73.97 है। अब आप देख लीजिये कि टैक्सिज के अंदर हम पंजाब के मुकाबले मे कहां पर है। इसके अलावा और जितनी भी स्टेटस है जिसमे इंडिया की सब बड़ी से बड़ी स्टेट्स भ्रामिल है, महाराश्ट्र भी आ गयी, यू.पी. भी आ गई, उन सब मे हमारी फिगर सिवाये पंजाब के बाकी सबसे ऊंची है। मेरा कहने का मतलब यह था कि हमारी जो इकौनोमी है, उसमे साउंडनैस है और वेसी कोई बात नही है तो उन्होंने कही । ऐसी कोई बात नही है कि जिस पर कम से कम कोई भ्रुबहा हो या कोई और रूकावट की बात हो। ये सब बाते ठीक चल रही है। ग्रोथ रेट के ऊपर उन्होंने बताया कि हमारा जो ग्रोथ रेट है वह ठीक नही है। मैं अर्ज करूंगा जिस किताब से उन्होंने पढ़ा था उसी किताब मे बड़ा साफ लिखा हुआ है।

किताब का नाम इकानोमिक सर्वे आफ हरियाणा 1972–73। इसमे लिखा है–

"The economic growth in Haryana during 1968-69 to 1970-71 has been particularly spectaculay, being 14.4% per year against 4.9% in India."

सारे भारतवर्श का ग्रोथ रेट उस अर्से मे 4.9 परसेन्ट हे और हरियाणा का 14.4 परसैंट है। अब आप बतलाईये कि हरियाणा के मुताल्लिक यह कहा जाये कि हमारे यहां कोइ तरक्की नही हुई, मुझे यह सुनकर बड़ा अफसोस हुआ जब यह कहा कगया कि तार है लेकिन बिजली नही ओर नहर है मगर पानी नही है। मैं तो चाहता हूं कि गुप्ता साहब इरीगे ान एंड पावर मिनिस्टर माननीय सदस्य को लेकर किसी तार के पास जाएं और कहे कि तार को हाथ लगाकर देखो कि बिजली हे या नही है और नहर मे डूबकी लगवाकर दिखवा दे कि उनमे पानी है या नही है। आप बजट एट ए ग्लांस को देखे उनमे हमारी पर कैपिटा इंकम दी हुई है। पेज 18 पर यह इंकम दी हुई है–

1965–66	319
1966–67	343
1967–68	399
1968–69	354
1969–70	429 और सब से ज्यादा
1970–71	445

अब आप देखिए कि हमारी पर कैपिटा इंकम कितनी बढ़ी है। ठीक है तो तीन साल मे हमारी पर कैपिटा कुछ कम हुई है और इसका कारण है कि बारि ा कम हुई, ड्राउट हुआ, पैदावार कम हुई और साथ ही पापूले ान भी बढ़ गई। लेकिन फिर भी आप हिसाब लगा लीजिए कि जब से चौधरी बंसी लाल की सरकार आई उस वक्त से हमारी पर कैपिटा इंकम बढ़ती रही है। 1971–72 मे वह 441 हो गई। 1972–73 मे वह 435 रही और 1973–74 मे 4433 हो गई। मतलब कहने का यह है कि यह पैदावार और पापूले ान पर डिपेंड करता है। उसके हिसाब से 1966–67 का जो ग्रोथ रेट था उससे कहीं ज्यादा ग्रोथ रेट बढ़ा है। यह बात कहना कि हमारी कोई तरक्की नही हुई यह तो एक स्वीपिंग स्टेटमैंट है और अगर बेलेंस आफ माइंड रखा जाये तो ऐसा स्टेटमैंट नही आना चाहिए।

अब एक बात और कहते है कि हमारी टेक्से ान बहुत आई है। आपको यह सुनकर ताज्जुब होगा और माननीय सदस्य ने हिसाब नही लगाया होगा कि सारे हिन्दुस्तान मे हमारे जो टैक्स है वे कम है। आप सब से पहले इलैक्ट्रिसिटी डयूटी को लीजिए–

ऐग्रीकल्चर सप्लाई

हरियाणा का 15 है। पंजाब की फिगर मेरे पास नही है। राजस्थान मे 21 है। यू.पी. मे 21.67 है और दिल्ली मे 26 है। इसी तरह से आप इंडस्ट्रीज को ले लीजिए।

इंडस्ट्रियल लार्ज सप्लाई

हरियाणा का 11.2 है। पंजाब का 11.51 है। राजस्थान का 17.00 है। यू.पी. मे 21.67 है और दिल्ली मे 13.85 है। कोई भी आंकड़े ले लीजिए हरियाणा मे सब से कम है।

इंडस्ट्रियल मीडियम सप्लाई

हरियाणा मे 14.42 है। पंजाब मे 16.50 है। राजस्थान मे 22.00 है। यू.पी. मे 18.01 है और दिल्ली मे 16.00 है। अब मैं आपको कौमि र्यिल रेट्स बताता हूं।

कौमि र्लिय सप्लाई

हरियाणा मे 35.23 है। पंजाब मे 52.97 है। राजस्थान मे 48.00 है। यू.पी. मे 40.00 है और दिल्ली मे 24 है। पंजाब के मुकाबले और जितनी दूसरी स्टेटस है उनके मुकाबले मे हमारे रेट्स काफी कम है। अब मैं आपको वाअर रेट्स बताता हूं।

वाटर रेट फा राइस जो है वह इस तरह है–

हरियाणा मे 7.75, आंध्र प्रदे ा मे 15.00, महाराश्ट्र 9 से 15 तक, मध्य प्रदे ा 16 से 24 तक, मैसूर 11 से 16.50 और पंजाब 9.75 से 9.88 है। पंजाब को छोड़ कर जो दूसरी स्टेटस है उनसे हरियाणा का कम है।

काटन के लिये रेट्स इस तरह से है–

हरियाणा 6.75, गुजरात 37, मध्य प्रदे ा 16, उड़ीसा 10, पंजाब 7.88 है। हमारे टैक्सिज है वे आप इन फिगर्ज से देख सकते है कि दूसरी स्टेटों से कम है। अब आप सेल्ज टैक्स को लीजिए। पंजाब और हरियाणा मे एकसां है 6 परसैंट, राजस्थान मे 7 परसैंट है, स्पै ाल गुड्ज पर सब स्टेटो मे वही है । रेजिन पर सैज्ल टैक्स है हरियाणा मे 2 परसैंट, पंजाब मे 6 परसैंटं ग्राउंड नट पर हरियाणा मे है 2 परसैंट और पंजाब मे 3 परसैंट है। काटन यार्न पर हरियाणा मे 1 परसैंट और पंजाब मे 3 परसैंट है। मेरे कहने का मतलब यह है कि हमारे टैक्सिज का आप हिसाब लगा लीजिए और स्टेटस के मुकाबले ऐसा कोई टैक्स नही है जो कम न हो। यह कहना कि हमारी हैविली टैक्स स्टेट है, यह ठीक नही है।

अब यह कहा जाता है कि पैदावार कम होती जा रही है। इसका हिसाब भी लगा लीजिए। फूड ग्रेंज 1966–67 मे हमारी थी 25.92 लाख टन और एरिया था 35.17 लाख हैक्टेयर्ज और हाई यील्डिंग वैरायटी पहले थी 16.8 हजार हैक्टेयर और

1970–71 मे वह 1094 हजार हैक्टैयर हो गई। इसी तरह सवे फूड ग्रेन्ज का उत्पादन 1966–67 मे 25.92 लाख टन था और 1970–71 मे 47.71 लाख टन हो गया लेकिन 1971–72 और 1972–72 मे इसकी हमारी कुछ कमी हुई इसका कारण मैं बाद मे बताउंगा किन्तु 1966–67 मे जहां 25.26 लाख टन थी उससे तो फिर भी करीब दो गुना रही है। इसी तरह से खरीफ फूडग्रेन्ज है। यह 1966–67 मे 7.47 लाख टन थे और 1973–74 मे इससे डबल यानी 14.15 लाख टन हो गये। राइस 1966–67 मे 2.23 लाख टन थे और 1973–74 मे 5.40 लाख टन हो गये इसका मतलब है कि 142.15 प्रति ात इसमे बढोतरी हुई। टोटल एरिया जो पहले था 1.92 लाख हैक्टेयर और अब हो गया है 2.92 लाख हैक्टेयर। इसी तरह से 1966–67 मे हाई यील्डिंग वैरायटीज का 4 हजार हैक्टैयर था और अब वह 1973–74 मे 125 हजार हैक्टेयर हो गया है। तो मेरे कहने का मतलब यह है कि जब से हरियाणा बना है उस वक्त से हमारी पैदावार मे कितनी बढ़ोतरी हुई है। अब हम फूड ग्रेन्ज के उत्पादन मे सरप्लस हो गये है और हम दूसरी स्टेटस को फूड ग्रेनज देते है। मैं एक दफा का मीर मे एक कांनफ्रैंस मे गया था तो वहां पर हमारी वैस्टर्न स्टेट का भी एक मैंबर बैठा हुआ था । उन्होंने मुझे कहा कि आप हमको भूखा मारेंगे तो मैंने कहा कि हम भूखे रह लेंगे लेकिन आपका भूखे नही मारेंगे। इसी तरह से हमारा गेहूं का प्रोडक ान 1966–67 मे 10.59 लाख टन था और 1971–72 मे 24.02 लाख टन हो गया। आप अंदाजा लगा ले कि कितना बढ़ गया ? 1973–74 मे चूंकि बरसात और पानी की कमी

थी इस वजह से हमारा प्रोडक ान कुछ कम हुआ लेकिन फिर भी पहले से तो डेढ़ गुना हुआ है। इसी तरह से 1972–73 मे बाजरा हमारा ठीक तरह से पैदा नही हुआं बाजरा बरसात से पैदा होता है और जब कीाी इंद्र भगवान बरसात न करें तो यह क्राप फेल हो जाती है इसी तरह 1972–73 मे रबी के अंदर विंटर रेन नही हुई उससे भी बड़ा फर्क पड़ गया। इसलिये जहां बरसात का यानी कुदरत का ताल्लुक होता है वहां पर आदमी कुछ नही कर सकता। इसके बाद फूड ग्रेंज का पिछले पांच साल का ग्रोथ रेट जो हे वह 2.6 प्रति ात के मुकाबिले 4 प्रति ात हो गया है। हमारी हर तरह से प्रोडक ान घटती जारही हे यह एक इररिसपोंसिबल स्टेटमैंट है जोकि नही कहनी चाहिए फिर एक बात की गई कि यह जो प्रोडक ान की कमी हुई यह मेन मिसटेक से हुई है। मैं इनसे पूछना चाहता हूं कि भाखड़ा जो है वह तो उस वक्त की गवर्नमैंट ने और इंजिनिसरों ने बनाया था या सैंट्रल गवर्नमैंट ने बनाया था। भाखड़ा मे पानी तो सतलुज से आएगा और अगर बरसात नही होगी और बर्फ नही गिरेगी तो भाखड़ा मे पानी कहां से आयेगा ? तो क्या यह भी मैन मेड मिसटेक है ? चौधरी चांद राम जी ने एक बात कही थी कि यह जो प्रोडक ान बढ़ी हे उसका क्रैडिट चौधरी बंसी लाल को नही जाता क्योंकि 1967 मे गवर्नर ऐड्रैस मे भी यह लिखा हुआ था दो थर्मल प्लांट बनने चाहिए। अब इनसे पूछा जाये कि 1967 मे पंडित भगवत दयाल की गवर्नमैंअ इनहोंने ही टापल की थी और उसे टापल करके ये खूद पावर मे आये थे। भाायद ये डिप्टी चीफ मिनिस्टर बने थे। मैं

इनसे पूछना चाहता हूं कि जितना समय ये रहे इन्होने उस समय मे थर्मल प्लांटस को बनाने मे क्या स्टैपसय लिये। सवाल तो यह है कि हम डिपैंड करते हे नहरों पर। भाखड़ा मे हमें बिजली मिलती है तो यह इंद्र भगवान पर डिपैंड करता है जब तक वह हमारे पर खु ा रहेगा और हमे पानी बिजली मिलती रहेगी लेकिन जब बरसात ही नही होगी तो हम किसको दोश दे सकते है इसलिये भविशय मे कुदरत पर हमं डिपैंड नही करना चाहिये, हमे अपनी कोि ा ा से और कदम उठाने चाहिएं और चीज को देखते हुए ये थर्मल प्लांटस बनाए जा रहे है। लेकिन यह कहना कि यह जो हुआ है यह सब मैन मेड मिसटेक से हुआ हे यह ठीक नही है। यह इन्होंने एक बहुत ही अन डिजरविंग बात कह डाली जोकि कहनी नही चाहिए थी। चौधरी मनफूल सिंह जी ने फैमिली प्लानिंग के बारे मे कहा कि इसके लिये जो रूपया रखा गया है वह कुछ भी नही है। इसके बारे मे मैं यह कहना चाहता हूं कि इसके लिये हमने एक करोड़ 74 लाख रूपये प्रोवाइड किये है। यह फिग्गर इस किताब के पेज 5 के ऊपर आइटम 281 पर है। इसके मुत्तलिक एक बात मैं अर्ज करूंगा कि हमारे गुलाटी साहब ने एक बड़ी अच्छी प्रोपोजल रखी है कि चाइल्ड टैक्स लगना चाहिए। मैं उनको इस बात के लिये धन्यवाद दूंगा क्योंकि सिर्फ इन्होंने ही कहा है कि टैक्स लगना चाहिए। यह बड़ी हिम्मत की बात है कि एक आनरेबल मैंबर की तरफ से ऐसी प्रोपोजल आए। हमारे प्रधान जी ने कहा कि आप कंसिडर करो कि चाइल्ड पर टैक्स कैसे लगाए। हम चाइल्ड पर टैक्स नही लगा सकते, उसकी मां पर भी

टैक्स नही लगा सकतें उसके फादर पर लगना चाहिये लेकिन अगर उसने टैक्स से बचने के लिये बच्चे को डिसओन कर दिया कि हय मेरी गल्ती हनी है (हंसी) तो क्या होगा ? तो मैं इसके लिये गुलाटी साहब से अर्ज करूंगा कि वह कोई इस बारे मे अच्छी सी स्कीम सारे पहलूओं को कंसिडर करके बनाये और मैं मुख्य मंत्री जी से भी निवेदन करूंगा कि जरूर लागू कर दे (हंसी) मैं यह भी निवेदन करूंगा कि उससे जो इंकम हो वह भी फरीदाबाद की डिवैल्पमैंट पर खर्च कर दी जाये (विघ्न) और भी बहुत बाते थी जिनका मैं जिक्र करना चाहता था लेकिन अब समय हो गया और स्पीकर साहब आप गिलोटीन भी लगाना चाहेंगे इसलिये मैं अब ज्यादा समय नही लेना चाहता और यह अर्ज करना चाहता हूं कि मैंबर साहिबानने अपने अपने हल्कों के बारे मे जो सजै ांज दिये है उनको कंसिडर किया जायेगा और जो उचित बात है वह की जायेगी। इन भाब्दों के साथ मैं सदन से निवेदन करता हूं कि यह डिमांडज पास कर दी जाये। (थम्पिंग)

Mr. Speaker: Quesiton is—

That a sume not exceeding Rs. 2191000 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1975-76 is respect of the charges under Demand No. 1 Vidhan Sabha..

That a sume not exceeding Rs. 41184160 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1975-76 is respect of the charges under Demand No.2 General Administration.

That a sume not exceeding Rs. 103907790 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1975-76 is respect of the charges under Demand No. 3 Home Department.

That a sume not exceeding Rs. 29786060 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1975-76 is respect of the charges under Demand No.4 Revenue Department.

That a sume not exceeding Rs. 13365390 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1975-76 is respect of the charges under Demand No.5 Excise and Taxation Department.

That a sume not exceeding Rs. 28537780 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1975-76 is respect of the charges under Demand No.6 Finance Department.

That a sume not exceeding Rs. 27731645be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1975-76 is respect of the charges under Demand No.7 Other Aministrative Services.

That a sume not exceeding Rs. 213507630 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1975-76 is respect of the charges under Demand No.8 Buildings and Roads Department.

That a sume not exceeding Rs. 319550450 be granted to the Governor to defray the charges that will come in

the course of payment for the year 1975-76 is respect of the charges under Demand No.9 Educaiton Department.

That a sume not exceeding Rs. 154085010 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1975-76 is respect of the charges under Demand No.10 Medical and Public Health Department.

That a sume not exceeding Rs. 112209440 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1975-76 is respect of the charges under Demand No.11 Urban Development Department.

That a sume not exceeding Rs. 17540820 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1975-76 is respect of the charges under Demand No.12 Labour and Employment Department.

That a sume not exceeding Rs. 24259380 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1975-76 is respect of the charges under Demand No. 13 Social welfare and Rehabilitaiton Department.

That a sume not exceeding Rs. 998816300 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1975-76 is respect of the charges under Demand No.14 Food and Supplies Department.

That a sume not exceeding Rs. 526409495 be granted to the Governor to defray the charges that will come in

the course of payment for the year 1975-76 is respect of the charges under Demand No.15 Irrigation Department.

That a sume not exceeding Rs. 28070720 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1975-76 is respect of the charges under Demand No.16 Industries Department.

That a sume not exceeding Rs. 91613300 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1975-76 is respect of the charges under Demand No.17 Agriculture Department.

That a sume not exceeding Rs. 30287700 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1975-76 is respect of the charges under Demand No.18 Animal Husbandry.

That a sume not exceeding Rs. 1819000 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1975-76 is respect of the charges under Demand No.19 Fisheries Department.

That a sume not exceeding Rs. 13904310 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1975-76 is respect of the charges under Demand No.20 Forest Department.

That a sume not exceeding Rs. 25452690 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1975-76 is respect of the charges under Demand No.21 Community Development Department.

That a sume not exceeding Rs. 322363490 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1975-76 is respect of the charges under Demand No.22 Co-operation Department.

That a sume not exceeding Rs. 328346180 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1975-76 is respect of the charges under Demand No. 23 Transport Department.

That a sume not exceeding Rs. 693500 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1975-76 is respect of the charges under Demand No.24 Tourism Department.

That a sume not exceeding Rs. 264469200 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1975-76 is respect of the charges under Demand No.25 Loans and Advances.

The motion was carried.

Mr. Speaker: The House stands *adjourned till 2.00 p.m. on tomorrow.

18.04 बजे

(The Sabha then *adjourned till 2.00 p.m. on Wednesday the 15th January, 1975)